डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-3



PG-8

सिनेमाः एयरपोर्ट पर रिपोर्टर का कैमरा देखते हुए मुंह छुपाने लगीं ये बोल्ड एक्ट्रेस

वर्ष -08 अंक -41 | प्रयागराज, सोमवार 18 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### आशीष मिश्रा को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने रद की जमानत, एक हफ्ते में करना होगा सरेंडर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को आज बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत खारिज कर दी है। उनको एक हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार अप्रैल को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि आशीष



मिश्रा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दी थी, जिसको अब सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीडित पक्ष का ध्यान नहीं रखा। पीडित पक्ष की सुनी नहीं गई। कोर्ट ने फैसला सुनाने के बाद मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट को वापस भेज दिया है। जमानत रद करने की याचिका पर फैसला चीफ जस्टिस एनवी रमणा, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने सुनाया है। बता दें कि हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों द्वारा हाईकोर्ट के जमानत देने के फैसले को चुनौती दी गई थी। वहीं जस्टिस रमणा की पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला चार अप्रैल को ही सुरक्षित रख लिया था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले पर भी आपत्ति जताई थी जिसमें आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के लिए प्राथमिकी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'अप्रासंगिक' जानकारी को आधार माना गया था।

## किसानों की समस्या को लेकर वारंगल में किसान संघर्ष सभा करेंगे राहुल गांधी निशाने पर होगी राज्य और केंद्र सरकार

**हैदराबाद ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले माह तेलंगाना दौरे पर जाएंगे। दो दिवसीय इस दौरे के दौरान वे किसान संघर्ष सभा को वारंगल में संबोधित भी करेंगे। एएनआई से बात करते हुए तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख और सांसद रेवांथ रेड्डी ने बताया कि




राहुल गांधी 6-7 मई को प्रदेश आएंगे। राहुल गांधी का तेलंगाना दौरे का सबसे प्रमुख मकसद किसानों के मुद्दे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में किसान संकट में हैं। रेड्डी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसानों का अनाज खरीद नहीं रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने किसाना का ऋण माफ करने का वादा किया था जब उन्होंने इस बारे में भी अब तक कुछ नहीं किया है। यही वजह है कि किसान अब इसके खिलाफ संघर्ष शुरू करने वाली है। राहुल गांधी वारंगल की किसान संघर्ष सभा में इन्हीं मुद्दों को उठाएंगे। रेड्डी ने ये भ आरोप लगाया कि भाजपा और टीआरएस दोनों अंदरखाने मिली हुई हैं और साजिश रच रही हैं। पीएम मोदी और केसीआर दोनों ही एक हैं। कांग्रेस इन दोनों के ही खिलाफ लड़ रही है। किसानों के मुद्दे को कांग्रेस ने संसद में भी उठाया था। लेकिन, पीएम मोदी ने उनकी बात नहीं सुनी। कांग्रेस ने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया, लेकिन वहां पर भी किसी ने इस पर तवज्जो नहीं दी। अब कांग्रेस ने इस मुद्दे को सड़क से लेकर संसद तक में उठाने का फैसला किया है। हम किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरेंगे और राय और केंद्र सरकार के खिलाफ लोगों को जागरुक करेंगे। कांग्रेस सांसद का कहना है कि ये राज्य और केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वो किसानों की फसल को बेकार न जाने दें और उनकी खरीद करें। पीएम मोदी और केसीआर सरकार इस मुद्दे पर एक दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इसकी वजह से किसानों के हालात लगातार खराब हो रहे हैं। जब से राहुल गांधी के तेलंगाना आने की तारीख तय हुई है तब से केसीआर भी अलर्ट हो गए हैं और अब जाकर उन्होंने धान खरीद का फैसला भी किया है। उन्होंने मांग की कि उन किसानों को जिन्होंने अपनी धान को एमएसपी से भी सस्ती दर पर बड़ेव्यापारियों को बेचा है, उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। बता दें कि टीसीआर सोमवार को दिल्ली में भाजपा सरकार के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन करने वाले हैं। ये विरोध प्रदर्शन केंद्र की धान खरीद की नीति के खिलाफ है। केसीआर का कहना है कि राय सरकार तीन से चार दिनों के अंदर किसानों से धान खरीद करेगी। उन्होंने राज्य के किसानों से अपील की है कि वो अपनी फसल को एमएसपी से कम कीमत पर किसी को भी न बेचें।

## बोरिस जानसन और पीएम मोदी की मुलाकात के बाद हो सकती हैं कई घोषणाएं द्विपक्षीय लक्ष्यों को लेकर बड़े एलान संभव

**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध पर विपरीत विचारधारा रखने के बावजूद भारत और ब्रिटेन इसका असर अपने द्विपक्षीय रिश्तों पर नहीं पड़ने देंगे। अगले हफ्ते भारत के दौरे पर आ रहे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन और पीएम नरेन्द्र मोदी के बीच होने वाली




मुलाकात द्विपक्षीय रिश्तों के भविष्य के लिहाज से काफी अहम साबित हो सकती है। विदेश मंत्रालय के अनुसार बोरिस जानसन 21-22 अप्रैल को भारत की यात्रा पर होंगे। पीएम मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता 22 अप्रैल को होगी। बोरिस जानसन गुजरात भी जाएंगे। बतौर पीएम जानसन की यह पहली भारत यात्रा है। दोनों प्रधानमंत्रियों की बैठक के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर कुछ अहम घोषणाएं होने की संभावना है। दोनों नेता भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाले कारोबारी समझौते को लेकर हो रही वार्ता की भी समीक्षा करेंगे। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ब्रिटिश पीएम जानसन चौथे ऐसे वैश्विक नेता होंगे जिनसे मोदी की आमने सामने या वर्चुअल मुलाकात होगी। इसके पहले जापान व आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ उनकी वार्ता हो चुकी है। पहले की तीनों बैठकों में यूक्रेन-रूस की स्थिति एक बड़ा मुद्दा रहा था उसी तरह से ब्रिटिश पीएम के साथ मुलाकात में भी यह एक बड़ा मुद्दा रहेगा। सूत्रों का कहना है कि यूक्रेन-रूस युद्ध के व्यापक असर को देखते हुए निश्चित तौर पर यह प्रधानमंत्रियों के बीच एक अहम विषय रहेगा लेकिन आगामी बैठक का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रिश्तों की दिशा को लेकर होगी। हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर चर्चा भी होगी और कुछ अहम घोषणाएं भी होने की उम्मीद है। एक घोषणा भारत की तरफ से स्थापित इंडो पैसिफिक ओसियन इनिसियटिव (आइपीओआइ) अभियान में ब्रिटेन का शामिल होना भी हो सकती है। हाल ही में भारत की यात्रा पर आई ब्रिटिश विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रुस ने इस बारे में अपने देश की सहमति का जिक्र किया था। ब्रिटेन ने हाल ही में हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर ज्यादा सक्रियता दिखानी शुरू की है। दोनों देशों के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में व्यापक सहयोग के एजेंडे पर विमर्श चल रहा है। ट्रुस की यात्रा के दौरान जिस गहनता से दोनों देशों के बीच भावी रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने को लेकर बातचीत हुई है, उससे संकेत है कि रक्षा क्षेत्र में साझा शोध व निर्माण मोदी और जानसन के बीच वार्ता का एक अहम पहलू होगा। माना जा रहा है कि ब्रिटेन की रक्षा क्षेत्र की कंपनियों ने आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत में मैन्यूफैक्चरिंग करने को उत्सुक हैं। रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं को देख कर ही दोनों देशों के बीच विदेश व रक्षा मंत्रियों की टू प्रुस टू वार्ता शुरू करने को लेकर भी बातचीत हो रही है। भारत अभी जापान, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस जैसे कुछ गिने चुने देशों के साथ इस तरह की व्यवस्था के तहत सालाना बैठक करता है। देखना होगा कि मोदी और जानसन के बीच होने वाली बैठक के बाद इसकी घोषणा की जाती है या नहीं। जानकारों का कहना है कि यूएई और आस्ट्रेलिया के साथ कारोबारी समझौता करने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच भी कारोबारी समझौते को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ गई है। इस बारे में भी घोषणा होने की संभावना है।

## अभी से 2024 के मंथन में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लगातार राजनीतिक झटके खा रही कांग्रेस अब प्रशांत किशोर के सुझाए रास्ते से ही 2024 के महासमर की तैयारी में जुट गई है। कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से बुलाई गई वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रशांत किशोर ने प्रजेंटेशन दिया है। इसके मुताबिक, कांग्रेस को भाजपा से सीधे तौर पर 370 सीटों पर मुकाबला करने के लिए कमर कसना होगा। बाकी सीटों के लिए सही गठबंधन तैयार करना होगा। यह लगभग तय माना जा रहा है कि पीके को औपचारिक रूप से कांग्रेस में प्रवेश मिलेगा और कुछ फैसले लेने की छूट भी होगी। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पूरी तरह साफ हो गई। उसके बाद से पार्टी के अंदर सबको एकजुट करने की कवायद तेज हुई है। 2024 के लोकसभा चुनाव और इसी साल होने वाले गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए सक्रियता बढ़ी है। इसी कड़ी में सोनिया में जल्दबाजी में वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पुराने विश्वस्त दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक समेत अन्य नेता मौजूद थे। बताते हैं कि लगभग चार घंटे चली बैठक में डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक पीके ने प्रजेंटेशन दिया। कांग्रेस की खामियां बताई। उन्हें कैसे दुरुस्त किया जा सकता है।

## जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई, अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी में हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने वाहनों में तोड़फोड़, आगजनी और पथराव किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों में कई



पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। फिलहाल घटना के बाद जहांगीरपुरी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन अगले हफ्ते भारत के दौरे पर आ रहे हैं। उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ होने वाली बैठक द्विपक्षीय रिश्तों के भविष्य के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। साथ ही कर्नाटक के हुबली में भीड़ के द्वारा ओल्ड हुबली पुलिस स्टेशन पर पथराव करने की घटना सामने आई है। पुलिस आयुक्त के मुताबिक, इस पथराव में एक इंस्पेक्टर सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है।

## सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को लेकर विपक्ष के हमले पर भाजपा का पलटवार


**नई दिल्ली।** हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को लेकर विपक्ष की ओर से सरकार पर सवाल उठाने को लेकर भाजपा ने तगड़ा पलटवार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर भाजपा शासित राज्यों में भी कुछ वाकए हुए लेकिन वहां कानून व्यवस्था बहाल हो गई जबकि राजस्थान में अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। वहीं भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है लेकिन वहां उपद्रवियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि आज कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने एक संयुक्त अपील की है लेकिन यह अपील कांग्रेस और विपक्ष के इरादों की तरह ही फर्जी है। आज लोग आपसे (कांग्रेस) पूछ रहे हैं कि करौली हिंसा के मुख्य आरोपी को 14 दिन बाद भी गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक




भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सत्ता में है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है जबकि एमपी में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि आप विपक्ष (कांग्रेस) में होते हुए भी आग लगाने का काम करते हैं। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वोट बैंक की राजनीति के लिए दशकों से घृणा फैला रही है। कांग्रेस ने वोट बैंक की पालिटिक्स के लिए देश की संस्कृति को नष्ट करने का काम किया है।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कर्नाटक दौरा, विधानसभा चुनाव समेत हिजाब और मंत्री विवाद पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार से कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वह पार्टी की तैयारियों को बारे में नेताओं से जानकारी लेंगे। इस दौरान जेपी




नड्डा राज्य में हिजाब विवाद और मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने वाले केएस ईश्वरप्पा के मुद्दे समेत कई बातों पर भी चर्चा कर सकते हैं। भाजपा प्रमुख राज्य की अपनी यात्रा के दौरान पार्टी द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके अलावा वह ऐतिहासिक मंदिरों का दौरा करेंगे। दरअसल, नड्डा रविवार सुबह तोरणगल्लू पहुंचेंगे। वह होसपटे में श्री भत्राहल्ली अंजनेय मंदिर जाएंगे और प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेंगे। वह प्रतिनिधियों के साथ सवाल-जवाब सत्र में भी हिस्सा लेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे दिन जेपी नड्डा श्री विरुपक्षेश्वर मंदिर, हम्पी में यंत्रोधरक अंजनेय मंदिर, कदले कालू गणपा, ससुवे कालू गणपा, उग्रा, नरसिम्हा, बदावी लिंग और उग्राना वीरभद्र मंदिर सहित कई मंदिरों के दर्शन करेंगे। इसके अलावा नड्डा हम्पी में माल्यवंता हिल भी जाएंगे। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान राम की मुलाकात अंजनेय से माल्यवंत पर्वत पर हुई थी। यहां पद्मासन मुद्रा में भगवान राम की एकमात्र मूर्ति भी है। साथ ही भाजपा अध्यक्ष विश्व धरोहर स्थल विजया विट्ठल देवस्थानम का भी दौरा करेंगे, जो अपने पत्थर के रथ और संगीतमय स्तंभों के लिए प्रसिद्ध है। अपने दो दिवसीय दौरे पर नड्डा कमलापुर पुरातत्व संग्रहालय भी जाएंगे। वह महानवमी डिब्बा, विजयनगर पैलेस, बावड़ी, कमल महल, हाथी और हार्स लाइन्स में अतीत के गौरव के अवशेषों का दौरा करेंगे। जेपी नड्डा के अलावा भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष और राज्य के अन्य नेताओं के आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बारे में बैठक करने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान नड्डा के राज्य में जमीनी स्तर की स्थिति का आकलन करने की उम्मीद है। भाजपा महासचिव और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह, सीएम बसवराज बोम्मई और राज्य भाजपा अध्यक्ष नलिन कतील के नेतृत्व में सात-आठ नेताओं वाली तीन टीमें भी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर की स्थिति का आकलन कर रही हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले महीनों में भाजपा कर्नाटक पार्टी प्रमुख के पद पर फैसला ले सकती है। इसके अलावा कर्नाटक कैबिनेट में फेरबदल को लेकर भी चर्चा संभव है। जिसके लिए मुख्यमंत्री बोम्मई ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के कई दौरे किए थे। वहीं, ठेकेदार की मौत के मामले में ईश्वरप्पा के खिलाफ ईई दर्ज होने के बाद ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को कर्नाटक के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है।

## कारगिल युद्ध की व्यूह-रचना से लेकर भारतीय विजय की सिलसिलेवार कहानी एक यात्री की जुबानी

**नई दिल्ली।** भारत को स्वतंत्रता दिलाने से लेकर उसे बचाये रखने तक में अनेक बलिदानियों की भूमिका रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सीमा पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानियों और उनकी वीरगाथाओं से नई पीढ़ी को अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। एक यात्री के रूप में लेखक ऋषि राज ने कारगिल युद्ध की प्रामाणिक जानकारी देकर इस जिम्मेदारी को निभाने का भरसक प्रयास किया है। पुस्तक में लेखक ने कारगिल की अपनी यात्रा के आरंभ से लेकर वापसी तक का व्यापक रूप से उल्लेख किया है। अपनी इस यात्रा के दौरान वह भारतीय सेना के किन-किन अधिकारियों से मिले और उनके सानिन्ध्य में कहां-कहां और क्या-क्या देखा, इन सभी तथ्यों का उन्होंने बेहतर तरीके से उल्लेख किया है। इस यात्रा के दौरान लेखक को अनेक युद्ध स्मारकों को नजदीक से देखने का अवसर मिला, साथ ही वह सेना के अनेक अधिकारियों और कारगिल युद्ध के बलिदानियों के पारिवारिक सदस्यों से भी मिले। पुस्तक के भीतर 16 पृष्ठों में इनमें से अधिकांश स्थलों और लोगों के चित्र भी प्रकाशित किए गए हैं, जो इस पुस्तक को जीवंतता प्रदान कर रहे हैं।



# हत्याओं से दहला प्रयागराज, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की नृशंस हत्या

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज।** नवाबगंज इलाके के खागलपुर गांव में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद चारों तरफ़ हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब तक पुलिस के हाथ खाली है और वो मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि 42 वर्षीय मृतक राहुल तिवारी अपनी 38 वर्षीय पत्नी प्रीती और तीन बेटियों माही, पीहू और पोहू के साथ खागलपुर में किराए के मकान में रह रहा था। मूल रूप से यह परिवार कौशांबी का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, पतनी और तीन बच्चों के शव बेड पर पड़े मिले। उनकी गला काटकर हत्या की गई है तो वहीं, पति का शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला है। पुलिस इस मामले की हर एक एंगल से जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।




# प्रयागराज से लखनऊ पहुंची 10 वर्षीय काजल से मिले सीएम योगी, कहा बिटिया का एडमिशन स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज ।** इंदिरा मैराथन को 4.22 मिनट में पूरा करके भी सम्मान और प्रोत्साहन न मिलने की टीस को लेकर 10 वर्षीय काजल ने अपनी बात प्रदेश के मुखिया को कहने के लिए प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक की दौड़ लगायी थी। शनिवार को राजधानी पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बालिका से मिले। मुख्यमंत्री ने काजल की बात सुनी और उसको भेंट स्वरूप एक ट्रैक शूट भी दिया। उन्होंने कहा कि काजल का एडमिशन प्रयागराज के स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया जाएगा। जहां उन्हें ट्रेनिंग की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने काजल को बेहतर सुविधा और प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया। बता दें कि प्रयागराज के मांडा की रहने वाली काजल की उम्र अभी सिर्फ 10 वर्ष है, वह कक्षा 4 की छात्रा हैं। वह 200 किमी दौड़ कर लखनऊ पहुंची है। पिछले दिनों प्रयागराज से नई दिल्ली के इंडिया गेट तक की करीब 720 किलोमीटर की यात्रा भी पैदल काजल ने पूरी की थी।



# दो माह बाद संपूर्ण समाधान दिवस पुनः स्टार्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगी आदर्श आचार संहिता के कारण बीते फरवरी माह से शासन द्वारा बंद कर दिया गया था। इधर एमएलसी चुनाव के कारण अब पुनः आज शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम अम्बरीश कुमार बिंद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस शुरू किया गया। जिसमें फरियादियों अधिकारियों दोनों की संख्या प्रचार प्रसार तथा समाचार पत्रों में सूचना न देने के कारण बहुत ही कम थी। कुल 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसे संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु भेज दिए गए। महमूद अहमद पत्रकार द्वारा मुबारकपुर रोड की खतरनाक टूटी पुलिया जो विधानसभा चुनाव से पूर्व टूटी थी। एसडीएम के समक्ष अधिवक्ता कमलेश यादव के साथ रखी। परंतु लोक निर्माण विभाग से कोई भी नहीं आया था। मौके पर तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, बीडीओ प्रवीणानंद, बीडीओ बहरिया, एडीओ पंचायत गुलाबचंद, भानु पांडेय, केसी पांडेय, आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, एडीओ समाज कल्याण प्रकाश पटेल, एसडीओ विद्युत प्रांजल मिश्र, जेई जल निगम संदीप मौर्य तथा समस्त कानूनगो एवं लेखपाल मौजूद रहे।



# कानपुर महानगर में मानसरोवर साहित्यिक संस्था द्वारा रामनवमी के उपक्ष्य में हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**कानपुर ।** कानपुर महानगर को वैसे ही साहित्य का गढ़ माना जाता है। कानपुर की चर्चित साहित्यिक संस्था द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि शैलेंद्र शर्मा, कुंवर शिव कुमार सिंह, मंजू लता श्रीवास्तव, राजेंद्र तिवारी, जय राम सिंह जय , अंजनी सरीन, संतोष दिवेदी, मधु मोहिल और राघवेंद्र भदोरिया आदि उपस्थित रहे। जिसका उद्घाटन शिक्षा विद डॉ श्याम बाबू गुप्त ने किया। इस कार्यक्रम में आम जनमानस ने प्रभु श्रीराम के गीत और कविताओं का आनंद उठाया।




# रावतपुर में प्रधान का है अपना नियम कानून

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही पारदर्शी शासन एवं जन-जन को लाभ पहुँचाने का प्रयास कर रहे हों पर विकासखंड लक्ष्मणपुर के कुछ गाँवों में प्रधानों के लिए इसका कोई मायने नहीं।वे ग्राम पंचायत के धन का दुरुपयोग करके अपनी हवेली ऊँची करने में लगे हुए हैं।ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रावत रावतपुर का है जहाँ कक्षा 5 उत्तीर्ण प्रधान शकुंतला सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही हैं।वह नाम की प्रधान हैं जबकि उनका काम उनके ही परिजन ओम प्रकाश सरोज जो ग्राम पंचायत अधिकारी हैं वह स्वयं करते हैं और कमाई के पेंच से भलीभांति परिचित वह ग्राम पंचायत के धन को इधर-उधर करने में लगे रहते हैं।कुछ माह पहले ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि ग्राम प्रधान ने एक ऐसे व्यक्ति के जमीन के समतलीकरण के नाम पर रू062832 एवं रू0 56100 निकाल कर ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ बंदरबाँट कर लिया जिसके खेत का समतलीकरण ही नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ग्राम पंचायत में बने मिलन केंद्र को तोड़वा कर उसकी ईंट और सरिया को बेच लिया।न तो नियमपूर्वक उसकी मुनादी करवाया न ही नीलामी करवाया। उन्होंने ओने पौने दाम पर इन चीजों को बेचकर अपना लाभ उठाया। ग्राम पंचायत अधिकारी भी प्रधान के इस काम में सह भागीदार हैं।अलावा एडीओ पंचायत महोदय भी शिकायत करने के बावजूद भी ग्रामीणों की नहीं सुनते हैं।वह ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान के पक्ष में रहते हैं जिससे शासन के धन का दुरुपयोग हो रहा है।ग्रामीणों ने ऐसी प्रधान के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की माँग की है और शासन के धन के दुरुपयोग करने पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।साथ ही सरकारी सेवा में रहते हुए ग्राम प्रधानी करने वाले ओमप्रकाश सरोज के विरुद्ध भी कार्यवाही करने की माँग की है।

# महिला प्रधान को फोन पर जान से मारने की दी धमकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरनपुर खास ग्राम की प्रधान को फोन पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।इससे महिला प्रधान दहशत में है।इस ग्राम प्रधान गीता देवी का कहना है कि उन्हें बार-बार अलग-अलग नंबरों से उनकी मोबाइल पर कॉल किया जाता है।उन्हें भद्दी-भद्दी गालियाँ दी जाती है और जान से मारने की धमकी दी जाती है।जब उन्होंने यह बातें अपने घरवालों और अपने पति फूलचंद्र से बताई तो उन्होंने संबंधित मोबाइल पर कॉल करके कारण जानना चाहा लेकिन कॉल करने वाले ने उन्हें भी भद्दी-भद्दी गालियाँ दी और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित की ओर से उनके पति फूलचंद्र पुत्र कृपाशंकर ने जेठवारा थाने में तहरीर देकर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने की माँग की है। देखना यह है कि पुलिस क्या करती है,क्या पीडित को धमकाने वाले पुलिस की गिरफ्त में आते है या ऐसे ही वे लोगों को फोन करके गाली देते रहेंगे और उन्हें धमकाते रहेंगे।

# ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह जो ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। परंतु ना तो सरकार, ना ही अधिकारी,, इस दिशा में कोई ठोस निर्णय ले पा रहे हैं। सहालग का 56 दिवसीय मुहूर्त शुरू हो चुका है। हर गांव में ध्वनि प्रदूषण का प्रकोप रहेगा। तहसील के कई अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम अम्बरीश कुमार बिंद को एक ज्ञापन देकर डी जे पर रोक लगाने की मांग की है। जिसकी खतरनाक आवाज सीधे हृदय पर चोट करती है। एसडीएम फूलपुर ने अधिवक्ताओं का ज्ञापन सीओ फूलपुर को उचित कार्यवाही हेतु भेज दिया है। मौके पर मोहम्मद अशरफ एडवोकेट, बीके गुप्ता, सद्दाम आदि लोग मौजूद रहे।

# समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जाय -ईशा प्रिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित किया गया जिसमें 8 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 37 शिकायतों में से 15 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 16, खाद्य एवं रसद विभाग से 02, चकबन्दी विभाग से 01, विद्युत विभाग से 01 एवं 02 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया जाता है।अतः जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं जनपद स्तरीय अधिकारी उनका स्वयं परीक्षण करते हुये समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें तथा अधीनस्थों द्वारा जाँच की रेण्डम जाँच भी कर लें जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का सन्तोषजनक समाधान हो सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होने यह भी अधिकारियां को निर्देशित किया कि शिकायकर्ताओं को बेवजह परेशान न किया जाये, जो भी शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आये, उनकी शिकायत को गम्भीरता के साथ सुना जाये। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 अप्रैल 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# सम्मानित समाजसेवी नारी शक्तियों द्वारा बांटा गया आधुनिक परिचय पत्र

प्रयागराज। आधुनिक समाचार विगत कई वर्षो से समाज में निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता के लिए जाना जाता है। आधुनिक के बढ़ते हुए कद से आज समूचा प्रयागराज हैरान है।प्रयागराज में खबरों के लिए न.1 आधुनिक समाचार के पब्लिशिंग हाउस में नारी शक्तियों द्वारा तेजतर्रार पत्रकारों को परिचय पत्र बांटा गया। कार्यक्रम में जानी मानी अधिवक्ता और समाजसेवी जूही जायसवाल जी, पार्षद नीलम यादव एवं समाजसेवी निशा मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर विराजमान रही। समाजसेवी गुफरान खान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडियो एवं ऐप हेड सुधांशु शर्मा ने की। प्रयागराज ब्यूरो प्रभारी शकील खान, जमुनापार ब्यूरो प्रभारी श्रीकांत शाह, तेजतर्रार रिपोर्टर विलास गुप्ता, विजिलेंस ऑफिसर दिलीप जायसवाल, कैमरामैन घनश्याम, रिपोर्टर शीतला प्रसाद एवं जर्नलिस्ट लीगल अफेयर निसित पांडे को परिचय पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज सेवी जूही जायसवाल जी ने कहा कि पत्रकारिता और समाजसेवा दोनो एक दूसरे के पूरक है। वही पार्षद नीलम यादव ने आधुनिक समाचार के बढ़ते हुए कदमों को समाज के लिए एक बेहतरीन संदेश वाहक बताया। पीडीएफ मीडिया ऑपरेटर इम्तियाज अली को भी समाजसेवी जूही जायसवाल जी द्वारा सम्मान पत्र दिया गया।



# हनुमान जयंती के पूर्व संध्या पर श्री संकट मोचन हनुमान जी का किया पूजन घोरावल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** हनुमान जयंती के पूर्व संध्या पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महुआंव पाण्डेय पर रविवार को रितेश तिवारी द्वारा दर्शन पूजन कर श्री सत्यनारायण भगवान के कथा का श्रवण किया गया। हनुमान जी महाराज संपूर्ण अपनो की सदैव रक्षा करते हैं व संकटमोचन महाराज संकटों से मुक्त रखें सभी के जीवन में खुशियां ही खुशियां प्रदान करें।इसी कामना के साथ रितेश अपने पूज्य माता पिता के साथ श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान जी का विधिवत पूजन कर कथा का श्रवण किया पूजन के क्रम में सर्व प्रथम मुसरधारा स्थित श्री ब्रह्मा बाबा के परम धाम में पूजारी नारायण धर द्विवेदी द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। तत्पश्चात यजमान रितेश तिवारी द्वारा आचार्य पवन धर द्विवेदी द्वारा कथा का श्रवण कर हवन व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आचार्य द्वय द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए सभी पूजन का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिससे पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। इस अवसर पर राकेश चन्द्र तिवारी विजय प्रताप शुक्ल राम अनुज धर द्विवेदी शिवम् शुक्ल प्रेरित धर द्विवेदी प्रज्वल धर द्विवेदी के साथ विराट व अनन्या के साथ लड्डू पाण्डेय व पूजन, पारूल आदि श्रद्धालु व भक्तगण शामिल रहे।

# 2013 बैंच के आईएएस अनुज सिंह सीतापुर के नए जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आशीष त्रिवेदी**

**सीतापुर।** सीतापुर के नए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आईआईटी दिल्ली से कैमिकल से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की, वह 2013 बैंच के आईएएस है। उनकी ट्रेनिंग बलिया में बतौर एसडीएम पद पर हुई। इसके बाद वह गोरखपुर में तीन साल सीडीओ रहे। एक साल से गोरखपुर में विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष पद पर रहे। जिसके बाद उनका फरवरी 2021 में हापुड़ स्थानांतरण हुआ, इनकी पत्नी भी आईएएस हैं काफी तेज तर्रार अधिकारियों में होती है इनकी गिनती।



# हर कोई बोला हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा

**ओबरा (सोनभद्र) ।** श्री श्याम प्यारे मंडल की ओर से शनिवार की रात स्थानीय रामलीला मैदान में तृतीय श्री श्याम महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। अखंड ज्योति कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्री श्याम प्यारे मंडल के सदस्यों की ओर से बाबा की महामंगल आरती उतारी गई। साथ ही उन्हें माखन मिश्री के साथ छप्पन भोग लगाया



जलाकर पूजा के बाद रातभर खाटू श्याम की महिमा के भजन गूंजे। मंच पर खाटू श्याम बाबा का फूलों से मनोहारी दरबार सजाया गया था। राजस्थान के सूरजगढ़ से आए संजय सैन, दिल्ली से आए शीतल पांडे एवं कानपुर से आई कोमल तिवारी ने खाटू श्याम के जीवन दर्शन से लेकर उनकी महिमा तक के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इससे पहले रेणुकूट के कृष्णा शर्मा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना व हनुमान वंदना से गया। कार्यक्रम के दौरान अखंड ज्योति जलती रही। अंत तक भजन मालिका में सभी मंत्रमुग्ध होकर तन्मय रहे। कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन अग्रवाल ने किया। इस दौरान बाबा का अखंड भंडारा आयोजित किया गया जिसमें जुटे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जगमंदर अग्रवाल, राजेश जिदल, कृष्णा केसरी, देवेंद्र केशरी, संदीप जिदल, राजेंद्र अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, बंसी गर्ग, सोनू बंसल, टोनी, अमित मित्तल आदि रहे।

# आपसी भाईचारा का संदेश देता है रमजानुल मुबारक - मोहम्मद जैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के एम.आर. शेरवानी इंटर कॉलेज में रोजा इफ्तार पार्टी मोहम्मद जैद( प्रवक्ता इतिहास) के तरफ से दी



गई। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद याकूब, उप प्रधानाचार्य राशिद महमूद, एहतेशाम आलम सिद्दीकी प्रवक्ता (जीव विज्ञान), अहमद कमाल (प्रवक्ता गणित), वीरेंद्र कुमार पांडे (प्रवक्ता हिंदी), मोहम्मद अख्तर,प्रमुख रूप से रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद याकूब कहा कि रमज़ानुल मुबारक का महीना सबसे अफजल महीना होता है एक माह मुस्लिम भाई रोज़ा रखकर देश की अमन तरक्की के लिए दुआ करते हैं। विद्यालय के इतिहास प्रवक्ता मोहम्मद जैद ने कहा ये हिन्दुस्तान की सांस्कृति है हिन्दू मुस्लिम मिलकर एक साथ इफ्तार करते हैं आपसी भाईचारा सद्भावना देखने को मिलता है। उप प्रधानाचार्य राशिद महमूद ने कहा रमज़ानुल मुबारक के महीने में पवित्र पाक कुरान नाजिल हुई इस माह में जन्नत के दरवाज़े खोल दिये जाते हैं, अल्लाह का वादा है रहमत,बरकत मगफिरत का महीना में नेकी का भाव सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है। इस महीने में देश में अमन चैन एकता मानवता सद्भावना देश में बनी रहे मुस्लिम भाई रोज़ा खोलने से पहले दुआ मांगते हैं इस दौरान विद्यालय के अध्यापक व कर्मचारी-अब्दुल वहाब अंसारी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद साबिर, सरवर अली, नाजिया सुल्तान, मोहम्मद अमीन खान, मोहम्मद शाहिद, जागेश्वर प्रसाद, मोहम्मद आफताब आलम, राजीव प्रताप सिंह, मोहम्मद वजी, मोइनुद्दीन, आलोक यादव, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान लिपिक नियाज अहमद, सुहेल अहमद आदि रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रहे।

# रामगढ़ शिव सरोवर स्थित मंदिर पर मना हनुमानजी का जन्मोत्सव

## 19 मई को भिखारी भोले ट्रस्ट कराएगा गरीब कन्याओं का सामुहिक विवाह विशाल भंडारे में भक्तगणों ने किया प्रसाद ग्रहण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पाण्डेय**

**सोनभद्र।** रामगढ़ शिव सरोवर स्थित भिखारी बाबा आश्रम कुटिया पर शनिवार को हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शनि महाराज धर्म ध्वज का पूजन करते हुए निर्णय लिया गया कि 11 मई से 19 मई तक चलने वाले महायज्ञ की पूर्णाहुति के दीन गरीब आदिवासी कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया जाएगा। भिखारी बाबा जंगली दास महाराज ने बताया कि हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। साथ ही प्रतिदिन की तरह चलने वाला विशाल भंडारा भी चला, जिसमें भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि धर्म ध्वज का पूजन करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी संजय जायसवाल ओबरा, प्रमोद कुमार गुप्ता रावटसगंज, रेवती तिवारी रावटसगंज, रमेश उमर वैश्य रामगढ़, कोमल सेठ रामगढ़ की मौजूदगी में परमानन्द महाराज धर्म ध्वज का पूजन आचार्य उमाशंकर त्रिपाठी के जरिए कराया गया और ध्वज पताका को फहराया गया। इस दौरान भक्ति जयकारे से समूचा स्थल गुंजायमान हो गया। इस मौके पर राधा कृष्ण तिवारी कोषाध्यक्ष, अजय कुमार मौर्या, हरीश अग्रवाल, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



## राजकीय सम्प्रेषण गृह का जाना हाल

**सोनभद्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार प्रथम के निर्देश पर डीएलएसए के पूर्णकालिक सचिव पंकज कुमार ने शनिवार को राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। संप्रेषण गृह में भदोही जिले के 12, मीरजापुर के 19 और सोनभद्र जिले के 31 कुल मिलाकर 62 किशोर आवासित हैं। निरीक्षण के दौरान गृह में निवासरत बालकों से सौहार्दपूर्ण वार्ता कर उनसे उनको मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं व समस्याओं के बारे में पूछा गया। निरीक्षण के दौरान गृह की साफ सफाई व वहां उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संप्रेषण गृह में आवासित किशोरों को जिनके पास अधिवक्ता नहीं, उनको निश्शुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी।

# युवक की हत्या करने वाले पिता व भाई गिरफ्तार

**हलिया (मीरजापुर) ।** क्षेत्र देवरी गांव निवासी राजकुमार मौर्य 35 वर्ष की उसके ही पिता व भाई ने ही हत्या कर दी। इस मामले में पिता-पुत्र सहित चार लोगों को गिरफ्तार



किया गया है। वारदात के बाद शव का शिवपुर गंगाघाट पर दाहसंस्कार भी कर दिया। पिता-पुत्र की निशानदेही पर मृतक का गमछा शिवपुर गंगाघाट से बरामद किया गया है। इस्तेमाल की गई बोलेरो को भी बरामद कर लिया गया है। सभी से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया। हलिया थाना निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना के पीछे खाद बीज के रुपये का बंटवारा रहा। मृतक के चचिया ससुर रामप्यारे मौर्या ने 15 अप्रैल को थाने में तहरीर दी कि उनके दामाद राजकुमार की हत्या उसके पिता रामजस व भाई ने की। खाद बीज के रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 14 अप्रैल को राजकुमार अपने पिता राजजस से खाद बीज के रुपये के बंटवारे के लिए गए थे। वहां विवाद हो गया तो उसके पिता ने अपने दूसरे बेटे बैजू के साथ मिलकर राजकुमार की गमछे से गला कसकर हत्या कर दी। शव को देवरी मनिगढ़ा गांव निवासी मुनन मौर्या व रामजतन पटेल के साथ मिलकर एक बोलेरो में लादकर विध्याचल के शिवपुर गंगाघाट पर ले गए और उसका दाहसंस्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उसके पिता सहित सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को क्षेत्र के पिपरा स्थित बाणसागर नहर पुलिया के पास सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# हनुमानजी की आराधना, को नहीं जानत है जग में कपि संकटमोचन

**मीरजापुर ।** हनुमान जन्मोत्सव और शनिवार का दिन..। दुष्टों का नाश करने वाले, कष्टों को परास्त करने वाले, भगवान राम के परम भक्त पवन सूत श्रीसंकट मोचन हनुमानजी की आराधना में लीन भक्त। कुछ ऐसा ही नजारा हनुमान जन्मोत्सव पर दिखा। हर तरफ हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। कई जगह सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ तो कई जगह भंडारा। बजरंग बली को छप्पन भोग भी लगाया गया। सूर्योदय की लालिमा के बीच मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खुलते ही कतारबद्ध श्रद्धालु पवनपुत्र का जयकारा लगाने लगे। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में सुबह खूब भीड़ दिखी, फिर शाम को एक बार फिर मंदिर हनुमान भक्तों से गुलजार हो गया। शहर के संकट मोचन मंदिर मंदिर को फूल-माला, गुब्बारा व विद्युत झालरों से सजाया गया था। संकट मोचन मंदिर के पुजारी योगेंद्र तिवारी उर्फ पप्पू ने हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया। हवन-पूजन और हनुमानजी की आरती उतारने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया। दर्शनार्थियों ने कतारबद्ध होकर बजरंग बली के समक्ष शीश नवाकर मंगलकामना की। तहसील चौराहा स्थित लाल महाबीर हनुमान,



लोहंदी स्थित लोहंदी महावीर, लालडिग्गी स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समेत शहर भर के हनुमान मंदिर का भव्य सजावट किया गया था। बजरंग बली के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर हनुमान भक्त निहाल हो गए। संकटमोचन का पवित्र एवं प्राचीन मंदिर शहर के बीच स्थित है। योगेंद्र तिवारी उर्फ पप्पू संकट मोचन मंदिर के पुजारी हैं। हलिया : महोगढ़ी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण का आयोजन किया गया। इसके बाद हवन-पूजन किया गया।

# मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर देना पड़ेगा पांच हजार जुर्माना

**मीरजापुर ।** मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर अब दुकानदार को पांच हजार रुपया तक जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर दुकानदार आपको गत्ते के डिब्बे के साथ मिठाई तौलकर देता है तो तत्काल आप



इसकी शिकायत करें, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सामानों की घटतौली की शिकायत को लेकर जिला प्रशासन काफी गंभीर है। घटतौली करने वालों के खिलाफ बाट माप विभाग ने कार्रवाई की रणनीति बनाई है। डिब्बे का वजन अगर 50 से 100 ग्राम है तो ग्राहक को इतनी मिठाई लगभग दो या तीन पीस मिठाई कम मिलती है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने अभियान चलाकर घटतौली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। दुकानदार गत्ते के डिब्बे में या कम सामान देता है तो ग्राहक टोल फ्री नंबर अथवा कार्यालय में सीधे शिकायत कर सकते हैं। बाट माप अधिकारी महेंद्र गुप्ता ने बताया कि घरेलू गैस की आपूर्ति से संबंधित शिकायत उपभोक्ता खाद्य एवं रसद विभाग के टोल फ्री नंबर 18001800150 और उपभोक्ता संरक्षण बाट-माप विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805512 पर दर्ज करा सकते हैं। पहचान गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी। घटतौली में 10 दुकानदारों पर कार्रवाई बाट माप अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में डिब्बे सहित मिठाई तौलने पर ही लगभग 10 दुकानों का चालान किया जा चुका है। वर्जन दुकानदार द्वारा मिठाईयों के साथ डिब्बे का वजन नहीं तौला जाना चाहिए। अगर कोई दुकानदार कम तौलता अथवा डिब्बे सहित तौलता है तो उसकी शिकायत कर सकते हैं।

# अहंकार नष्ट होने पर भक्ति की होती है प्राप्ति : आचार्य

**जमालपुर (मीरजापुर) ।** क्षेत्र के शेरवां गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में शुक्रवार को आचार्य रामचंद्र व्यास ने राम-सीता विवाह की कथा सुनाकर श्रोताओं को विभोर कर दिया। कहा कि सीता स्वयंवर में अहंकार रूपी शिव धनुष तोड़ने के बाद ज्ञान रूपी राम को भक्ति रूपी सीता की प्राप्ति हुई। कहा कि अहंकार भक्ति में सबसे बड़ा बाधक है। सीता से विवाह कर श्रीराम अयोध्या वापस लौटते हैं। किसी भी मनुष्य के जीवन में कुसंग ही उसके पतन का कारण बनता है, जैसे कैकेई के जीवन में मंथरा वजह बनी। कथा के बीच-बीच में जयघोष से पंडाल गुंजायमान हो गया। अंत में आरती कर श्रोताओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कथा आयोजक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, परमहंस मिश्र, उमेश द्विवेदी, वासुदेव मिश्र, ओप्रकाश मीरजापुरी आदि रहे।



# सिलेंडर व बाइक की उतारी आरती, बजाया घंटा

**सोनभद्र ।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में रविवार को राबर्ट्सगंज के स्वर्ण जयंती चौक पर प्रदर्शन किया। यहां कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस सिलेंडर, मोटरसाइकिल को माला पहनाकर आरती उतारा और घंटा बजाया। केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला सचिव प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा जनता को अच्छे दिन का सपना दिखाकर वोट तो लेती है, लेकिन सरकार बनते ही जनता के ऊपर महंगाई लाद देती है। आज पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से बस किराया, आयात, निर्यात, खाने पीने वाले वस्तुओं के दाम, कपड़ों के मूल्य में वृद्धि हो गई है। महंगाई का आलम यह है कि एक नीबू 10 रुपये का बिक रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट स्कूलों में फीस वृद्धि के आदेश दे दिए गए। दवा, माचिस, सरसों का तेल, कापी किताब, चावल, दाल, आटा महंगे हो गए। आम जनता



के जरूरत की चीजों के दाम में बढ़ोत्तरी करने वाली सरकार खुद को जनता का हितैषी बता रही है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश की जनता अभी आपदा काल वैश्विक महामारी से भी नहीं निपट पायी और सरकार ने जनता को महंगाई की आग में झोंकना शुरू कर दिया। इससे कितने लोग परेशान हो आत्महत्या तक करने को मजबूर हैं। पढ़े-लिखे नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है। सपा के पूर्व नगर सचिव मनीष त्रिपाठी ने आरोप मढ़ा कि भाजपा सरकार मे आए-दिन किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। खाद का दाम बढ़ा दिया गया। डीजल का दाम बढ़ने से किसान चितित हैं। प्रदर्शन करने वालों में गोपाल गुप्ता, मुनन कुशवाहा, नीरज पटेल, कलावती भारती, लीलावती केसरी, उर्मिला पटेल आदि रहीं।

# हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**सोनभद्र ।** हनुमान जयंती जनपद में पूरी श्रद्धा के साथ शनिवार को मनाई गई। इस दौरान जिले के हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालिसा की गूंज होती रही। जगह-जगह जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर की चौपाइयां गूंजती रही। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई तो कई जगहों पर सुंदरकांड का पाठ हुआ। राब्टर्सगंज स्थित मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का दर्शन-पूजन के लिए कतरा लग गई। मंदिरों में श्री हनुमान का श्रृंगार किया गया। नगर स्थित शीतला मंदिर के पास मेन रोड स्थित संकट हरण श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर से रामजी मोदनवाल के संयोजकत्व में ध्वज यात्रा निकाला गया। इस यात्रा का नेतृत्व काशी से आए डमरु वादक कर रहे थे। डमरुवादको की डमरू की डमडमाहट से सारा नगर गुंजायमान हो गया। यात्रा के दौरान भक्तजन हाथों में भगवा ध्वज लिए प्रभु श्रीराम, बजरंगबली, हनुमान जी का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। ध्वज यात्रा के दौरान रथ पर बैठे हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम, माता जानकी एवं राम भक्त हनुमान के स्वरूप का लोग आरती भी उतारी। जुलूस नगर भ्रमण करते हुए संकट हरण श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।

# भू माफिया के खिलाफ प्रदर्शन

**मीरजापुर ।** कसेरा समाज नवयुवक समिति के सदस्यों ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी



को पत्रक सौंपकर धर्मशाला पर अवैध कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। संस्था के अध्यक्ष हरी शंकर कसेरा ने कहा कि कसेरा समाज का एक धर्मशाला विध्याचल में है। धर्मशाला की जमीन श्रीहैहयवंशीय क्षत्रिय कसेरा महासभा वाराणसी ने वर्ष --1947 में सामाजिक कार्य के लिए क्रय किया था। जमीन पर कब्जा करने की नियत से धर्मशाला में लगे समाज के शिलापट्ट को तोड़कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। प्रदर्शन कर रहे रूपेश कुमार वर्मा, वृष्णानंद कसेरा, समर्पित कसेरा, स्वरूप सिंह आदि ने मांग की कि संबंधित भू माफिया पर कार्रवाई की जाए। धर्मशाला को भू माफिया से मुक्त कराकर श्रीहैहयवंशीय क्षत्रिय कसेरा महासभा वाराणसी को कब्जा दिलाया जाए।

# मुंबई के खिलाफ जीत के बाद केएल राहुल को झटका, स्लो ओवर रेट के कारण लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** मुंबई के खिलाफ मैच में लखनऊ की टीम को भले ही 18 रनों से जीत मिल गई हो लेकिन टीम के कप्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। द?असल स्लो ओवर रेटिंग के कारण कप्तान केएल राहुल पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकी स्लो ओवर रेट के कारण लखनऊ की ये पहली गलती है इसलिए केवल कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले मुंबई की टीम पर दो-दो बार स्लो ओवर रेट के कारण भारी जुर्माना लगाया जा चुका है। हालांकि मुंबई और लखनऊ ही ऐसी टीम नहीं है जिसपर इस कारण से जुर्माना लगाया गया हो। इस सीजन कई टीमों पर इस तरह का जुर्माना लगाया गया है जिसमें हैदराबाद और कोलकाता जैसी टीमें भी शामिल हैं। मैच की बात करें तो मुंबई के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने केएल राहुल के नाबाद 103 रन की पारी के दम पर 4 विकेट पर 199 रन बनाए थे। आइपीएल में ये उनका तीसरा शतक था। इससे पहले उन्होंने 2019 और 2020 में शतकीय पारी खेली थी। 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 9 विकेट पर 181 रन ही बना पाई और 18 रन से मुकाबला हार गई। मुंबई की तरफ से सर्वाधिक रन सूर्यकुमार यादव के बल्ले से निकले जिन्होंने 37 रन की पारी खेली। ये मुंबई की लगातार छठी हार है और अब प्लेआफ में पहुंचने का रास्ता टीम के लिए बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। अब बाकी बचे 8 मैचों में मुंबई को हर मैच में जीतना होगा जो मौजूदा फार्म को देखते हुए आसान नजर नहीं आ रहा है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की टीम के लिए 6 मैचों में ये चौथी जीत थी। टीम अब 8 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। इस आइपीएल की कमाल बात ये है कि पहली बार आइपीएल खेल रही टीमें नंबर वन और नंबर टू पर बनी हुई है।



# हैदराबाद और पंजाब की संभावित प्लेइंग इलेवन जानें किसे मिलेगा मौका और कौन बैठेगा बाहर

**नई दिल्ली।** शुरुआती दो मैच हारने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लगातार तीन जीत दर्ज कर शानदार लय में नजर आ रही है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी एक साथ निखर कर सामने आई है। जहां बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा और कप्तान विलियमसन टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में कामयाब रहे हैं तो वहीं मध्यक्रम में भी एडन मार्करम, राहुल त्रिपाठी और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले मैच में हैदराबाद की जीत के हीरो रहे थे राहुल त्रिपाठी और मार्करम जिन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थीगेंदबाजी की बात करें तो टी नटराजन अचानक लय में नजर आ रहे हैं और हर मैच में विकेट ले रहे हैं। उनके अलावा उमरान मलिक, जे सुचित और भुवनेश्वर कुमार भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। हालांकि पिछले मैच में वाशिंगटन सुंदर की कमी टीम को खली थी बावजूद इसके टीम जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी। इस मैच में हैदराबाद के गेंदबाजों की परीक्षा होगी क्योंकि पंजाब की बैटिंग लाइनअप खतरनाक है। अभिषेक शर्मा, केन विलियमसन (कप्तान), राहुल त्रिपाठी, एडन मार्करम, निकोलस पूरन, शशांक सिंह, जे सुचित, भुवनेश्वर कुमार, माकी यान्सेन, उमरान मलिक, टी नटराजन। दूसरी तरफ यदि पंजाब टीम की बात करें तो मयंक अग्रवाल की फार्म भी वापस लौट गई है। पिछले मैच में मयंक और शिखर धवन ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। उस मैच में दोनों ने अर्धशतक लगाए थे। टीम का मध्यक्रम काफी स्ट्रोंग है। इसमें लियाम लिविंग्सटन, जानी बेयरस्टो, ओडियन स्मिथ और शाहरुख खान जैसे बल्लेबाज हैं जो बड़ी हिट लगाने के लिए जाने जाते हैं। मुंबई के खिलाफ मैच में तो युवा बल्लेबाज जितेश शर्मा ने भी अपनी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया था और 15 गेंदों पर 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। गेंदबाजी की बात करें तो टीम में कगिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह, वैभव अरोड़ा जैसे गेंदबाज हैं लेकिन रबाडा ने अब तक अपनी लय नहीं पकड़ी है। इस मैच में उनके कंधे पर पावरप्ले में विकेट दिलाने की जिम्मेदारी होगी। स्पिन गेंदबाज के तौर पर टीम में राहुल चाहर हैं। मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, जानी बेयरस्टो(विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा, शाहरुख खान, ओडियन स्मिथ, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, वैभव अरोड़ा।





# 15.25 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के लायक नहीं थे इशान किशन शेन वाटसन

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आल राउंडर और दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सहायक कोच शेन वाटसन ने मुंबई इंडियंस के इशान किशन पर 15.25 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने की आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था। वाटसन ने चोटिल जोफ्रा आर्चर को इतनी बड़ी राशि में खरीदने की भी आलोचना की। मुंबई ने आर्चर को खरीदने के लिये आठ करोड़ की बोली लगाई थी। वह इस सत्र में नहीं खेल पाएंगे। वाटसन ने कहा, 'मुंबई इंडियंस तालिका में निचले स्थान पर है, मुझे इसमें कुछ हैरानी नहीं हो रही क्योंकि उन्होंने नीलामी में हैरानी भरे फैसले किये। आर्चर के बारे में पता नहीं था कि वह खेलने आएगा या नहीं। वह काफी समय से क्रिकेट नहीं खेला है। टीम के कुछ फैसले खराब रहे।' आपको बता दें कि मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में अपने पहले छह के छह मैच गंवा दिए हैं और टीम अब प्लेआफ के दौर से बाहर होने की कगार पर है। मुंबई के साथ आइपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब इस टीम को अपने पहले छह मैचों में लगातार हार मिली है। मुंबई को शनिवार के लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में भी 18 रन से हार मिली थी। इस मैच में इशान किशन का प्रदर्शन भी खराब रहा और उन्होंने 17 गेंदों का सामना करते हुए 13 रन की पारी खेली। इस मैच में लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बनाए थे, लेकिन इसके जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 181 रन ही बना पाई। वहीं इशान किशन की आइपीएल 2022 में अब तक के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 6 मैचों की 6 पारियों में 38.20 की औसत से 191 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक भी शामिल है जबकि उनका स्ट्राइक रेट 117.18 का रहा है तो वहीं उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 81 रन रहा है।

# चार साल बाद होगा आइपीएल में क्लोजिंग सेरेमनी का कार्यक्रम, बीसीसीआइ ने जारी किया टेंडर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के फैंस के लिए बीसीसीआई इस बार बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। दरअसल चार साल के लंबे इंतजार के बाद फैंस को आइपीएल में किसी तरह की सेरेमनी देखने को मिलेगी। बीसीसीआइ ने इसके लिए एक टेंडर जारी किया है। इस सीजन क्लोजिंग सेरेमनी को भव्य तरीके से करने की पूरी तैयारी की जा चुकी है और इसके लिए बीसीसीआइ ने बोली आमंत्रित की है। बोर्ड सचिव जय शाह की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 25 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसमें शामिल होने वाली कंपनियां बीसीसीआइ को मेल के जरिए सूचना दे सकती है। इसके अलावा कंपनियों को एक लाख के अलावा जीएसटी शुल्क देना होगा जो नान रिफंडेबल होगा। आपको बता दें कि इससे पहले 2018 में आइपीएल में किसी तरह की सेरेमनी का आयोजन किया गया था। 2019 में इसे पुलवामा में हुए हमले की शोक में टाल दिया गया था। उसके बाद कोरोना की दस्तक ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। लेकिन अब बीसीसीआइ ने इसे भव्य तरीके से करने का मन बना लिया है। माना जा रहा है कि आइपीएल के इस सीजन का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और यहीं क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया जाएगा। हालांकि इसको लेकर बीसीसीआइ की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। इस बार भी ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया गया था। अब चार साल के बाद इस सेरेमनी के आयोजन से निश्चित रूप से फैंस को एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन देखने को मिलेगा।



# इन खिलाडियों के दम पर गुजरात और चेन्नई की टीमें होंगी आमने सामन जानें किसे मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 29वें मैच में एमसीए के मैदान पर जब चेनन्ई और गुजरात की टीम आमने-सामने होगी तो हर हाल में चेनन्ई अपने पिछले मैच के प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। 5 मैचों में एक जीत के साथ टीम 9वें नंबर पर है। इसलिए इस मैच में भी टीम जीत तलाशेगी। पिछले मैच में शिवम दुबे और राबिन उथ्पा ने शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन इस मैच में ओपनर रुतुराज गायकवाड़ से टीम को उम्मीदें होगी। वे अभी तक रन बनाने में सफल नहीं रहे हैं जबकि पिछले सीजन में वे आरेंज कैप होल्डर रहे थे। मध्यक्रम में टीम के पास मोइन अली, अंबाती रायडू, रवींद्र जडेजा जैसे बल्लेबाज हैं जो अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल पा रहे हैं। उनसे उम्मीद होगी कि पिछले मैच की तरह गुजरात के सामने यहां भी एक बड़ी स्कोर खड़ी करें। गेंदबाजी में पिछले मैच में महेश तीक्ष्णा का जादू चला था और उन्होंने चार विकेट झटके थे। टीम में तेज गेंदबाज के रूप में कोई बड़ा नाम नहीं है। ड्वेन ब्रावो के तौर पर टीम में आइपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज तो है लेकिन शुरुआती ओवरों में दीपक चाहर की कमी साफ नजर आती है। यदि टीम अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखना चाहती है तो क्रिस जार्डन और मुकेश चौधरी पर टीम को शुरुआत में विकेट दिलाने की जिम्मेदारी होगी। राबिन उथप्पा, रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, अंबाती रायुडू, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), ड्वेन ब्रावो, क्रिस जार्डन, महेश तीक्ष्णा, मुकेश चौधरी। दूसरी तरफ यदि गुजरात की बात करें तो हार्दिक पांड्या कप्तान के तौर पर बेहतरीन काम करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने न केवल बल्लेबाजी और गेंदबाजी से टीम की जीत में योगदान दिया है बल्कि टीम का बेहतरीन तरीके से नेतृत्व भी किया है। टीम फिलहाल 5 मैचों में से 4 मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में नंबर एक पर काबिज है। टीम की ओपनिंग बल्लेबाजी की बात करें तो शुभमन गिल ने बैक टू बैक अर्धशतक लगाकर फार्म में आने के संकेत दे दिए हैं हालांकि मैथ्यू वेड की फार्म चिंता का कारण बनी हुई है। इस मैच में उनके स्थान पर रहमानुल्लाह गुरबाज को मौका मिल सकता है। मध्यक्रम में टीम के पास हार्दिक पांड्या, विजय शंकर, डेविड मिलर और अभिनव मनोहर जैसे बल्लेबाज हैं। हालांकि राहुल तेवतिया के रूप में टीम के पास बेहतरीन फिनिशर है जिन्होंने अपने दम पर दो मैचों में जीत दिलाई है। गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद शमी और लाकी फर्ग्यूसन के तौर पर दो बेहतरीन तेज गेंदबाज टीम में मौजूद हैं। स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम के पास राशिद खान जैसा गेंदबाज है जो मैच पलटने की क्षमता रखता है।




# हार्दिक पांड्या के सामने होंगे रवींद्र जडेजा, जानें कब और कहां देख सकते हैं ये मैच

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 29वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना आइपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक चेनन्ई सुपर किंग्स से होगा। ये सीजन चेनन्ई के लिए बिल्कुल खराब गुजरा है। हालांकि पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज कर टीम ने वापसी की कोशिश जरूर की है लेकिन गुजरात के खिलाफ इस सिलसिले को जारी रखना उसके लिए आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात की टीम शानदार नजर आ रही है। कप्तान हार्दिक पांड्या ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में टीम को सामने से लीड किया है। पिछले मैच में उन्होंने अपने दम पर गुजरात को जीत दिलाई थी। इस मैच में भी उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर नजर होगी। फिलहाल टीम प्वाइंट्स टेबल के शीर्ष पर काबिज है। बात सीएसके की करें तो पिछले मैच में शिवम दुबे और राबिन उथ्पपा ने दिखाया कि वो किस तरह की बल्लेबाजी कर सकते हैं। एक बार फिर उनसे उसी तरह की बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। यदि आप भी इस मैच का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों को जान लेते हैं। 17 अप्रैल, रविवार को होगा गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ये मैच गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच ये मैच एमसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच ये मैच गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच ये मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच का टास गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं गुजरात टाइटंस और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।




# जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैदराबाद के साथ पंजाब की टक्कर, जानिए कैसे उठाएं मैच का मजा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के 28वें मुकाबले में फार्म में लौटी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा। लगातार तीन मुकाबले जीतकर लय में लौटी हैदराबाद के लिए बड़े बड़े स्कोर बनाने वाली पंजाब के बल्लेबाजी को रोकना चुनौती होगी। रविवार को डी वाई पाटिल स्टेडियम में डबल हेडर के पहले मुकाबले में दोपहर इन दोनों टीमों के बीच टक्कर होगी। 17 अप्रैल, रविवार को होगा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच ये मैच सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच ये मैच डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच ये मैच सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच ये मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा।कितने बजे होगा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच इस मैच का टास सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच इस मैच का टास दोपहर 3 बजे होगा। सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद- केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करैम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रोमेरियो शेफर्ड, माकी जेनसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबाट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक, उमरान मलिक, टी. नटराजन। पंजाब किंग्स- शिखर धवन, मयंक अग्रवाल (कप्तान), अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबादा, जानी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बरार, एम. शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, इशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताइडे, भानुका राजपक्षे और बेनी हावेल।




# राशिफल

**मेष**-:इसे दबाने से आपकी शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है। शारीरिक गतिविधि बढ़ाकर इससे छुटकारा पाएं। बुरे हालात से दूर रहने में ही भलाई है।

**वृष**-:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में आ रही बाधाएं आज दूर होंगी। आज का दिन किसी मित्र की मदद करेगा जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता है।

**मिथुन**-:आप असमंजस की स्थिति से निपटने के प्रयास में सफल हो सकते हैं. यदि आप धैर्य और प्रयास के बीच संतुलन रखते हैं, तो अधिकांश समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

**कर्क**-:आज आपके कुछ छिपे हुए विरोधी आपको गलत साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे. आपको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। के साथ सावधानीपूर्वक काम करेंगे।

**सिंह**-:आभूषण और प्राचीन वस्तुओं में निवेश लाभकारी रहेगा और समृद्धि लाएगा. विदेश में रहने वाले किसी रिश्तेदार से मिला उपहार आपको खुशी दे सकता है।

**कन्या**-:आज का दिन आपके लिए खास रहेगा. आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने का प्रयास करें। इससे आपको भविष्य में ही फायदा होगा।

**तुला**-:अविवाहित लोगों की लव लाइफ अच्छी रह सकती है. शादीशुदा लोगों को भी पार्टनर की मदद मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिक**-:आज आपके कई काम समय पर पूरे होंगे. कुछ नया करने की कोशिश करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। तनाव खत्म होने से आपके काम की गति में वृद्धि होगी।

**धनु**-:बच्चे खेलकूद और अन्य बाहरी गतिविधियों में अधिक समय व्यतीत करेंगे। आपको अपनी हार से कुछ सबक सीखने की जरूरत है, क्योंकि दिल की बात कहने से नुकसान भी हो सकता है।

**मकर**-:आज शादीशुदा है तो जीवनसाथी को अधिक समय देंगे तो दोनों के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी. शाम तक किसी फंक्शन में जाने का भी प्लान बना सकते हैं।

**कुंभ**-:नौकरीपेशा और व्यापार करने वाले लोग अपने काम से संतुष्ट हो सकते हैं. वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की संभावना है। किसी की मदद करने का मौका मिल सकता है।

**मीन**-:आज का दिन आपके लिए ऊर्जा से भरपूर रहेगा. व्यापार सफलता का सूत्र बनेगा। आपके मन में जल्द ही बदलाव आएंगे, जिससे आपका मन कुछ हद तक द्विभाजित रहेगा।

## सम्पादकीय

# गृहमंत्री अमित शाह के हिंदी को लेकर दिए गए बयान पर अकारण विवाद जानिए क्या है पूरा मामला

कुछ दिनों पहले 'द कपिल शर्मा शो' पर फिल्म आर आर आर के अभिनेता एनटीआर जूनियर, राम चरण, फिल्म के निर्देशक राजामौली और अभिनेत्री आलिया भट्ट आए थे। कपिल शर्मा के शो का नाम भले ही अंग्रेजी में है, इसमें ज्यातार बातचीत हिंदी में ही होती है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के दोनों अभिनेता न केवल हिंदी समझ रहे थे बल्कि अच्छी हिंदी बोल भी रहे थे। उस शो में उन दोनों अभिनेताओं को अच्छी हिंदी बोलते देख अर्चना पूरन सिंह ने उनसे जानना चाहा कि उन्होंने इतनी अच्छी हिंदी कहां से और कैसे सीखी जबकि वो दोनों तो दक्षिण भारत में पले बढे हैं। एनटीआर जूनियर ने तपाक से इसका उत्तर दिया कि स्कूल में। उन्होंने कहा कि स्कूल में उनकी प्रथम भाषा हिंदी थी जिससे उनको बहुत मदद मिली। इसके अलावा अब जिस तरह से क्रास पालिनेशन (परागण) मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई के बीच हो रहा है, उससे। वो भाषाई परागण की बात कर रहे थे जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों में बनने वाली फिल्में अलग अलग भाषाओं में डब होकर रिलीज हो रही हैं। एनटीआर की बात सुनकर आलिया ने एक और दिलचस्प तथ्य बताया कि एनटीआर जूनियर ने पूरी फिल्म में अपने संवाद को अपनी आवाज में ही हिंदी में डब किया है। आलिया के मुताबिक इससे दर्शकों को एक प्रामाणिक अनुभव मिलता है। एक घंटे से अधिक के इस शो में राम चरण और एनटीआर जूनियर ने हिंदी और अंग्रेजी में अपनी बात रखी लेकिन हिंदी समझ सब रहे थे। दक्षिण भारत की फिल्में डब होकर हिंदी में जितनी सफल हो रही हैं उसने वहां की भाषा में बनने वाली फिल्मों को सफलता का नया क्षितिज दिया है। अब वहां बनने वाली कई फिल्में तमिल और तेलुगू के साथ-साथ हिंदी में भी बन रही हैं। हिंदी में बनने वाली कुछ फिल्में भी दक्षिण भारतीय भाषाओं में बनकर एक साथ सब जगह रिलीज होती हैं। उपरोक्त प्रसंग बताने का उद्देश्य ये है कि पिछले दिनों हिंदी को लेकर दक्षिण भारत के नेताओं और अंग्रेजी के पैरोकारों ने अकारण विवाद खड़ा किया। हुआ ये था कि कुछ दिनों पहले गृह मंत्री अमित शाह ने राजभाषा समिति की एक बैठक में कहा था कि 'हमारे देश में अनेक प्रकार की भाषाएं हैं, कुछ प्रकार की बोलियां हैं। कई लोगों को लगता है कि ये देश के लिए बोझ हैं। मुझे लगता है कि अनेक भाषाएं और अनेक बोलियां हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। ष्ठपरंतु जरूरत है कि देश की एक भाषा हो। जिसके कारण विदेशी भाषाओं को जगह न मिले। देश की एक भाषा हो, इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुए हमारे पुरखों ने हमारे स्वातंत्र्य सेनानियों ने राजभाषा की कल्पना की थी और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया था।' अपने भाषण में अमित शाह ने ना तो कुछ गलत कहा और ना ही कोई नई बात कही। अमित शाह के वक्तव्य का आशय स्पष्ट है कि हिंदी को संपर्क भाषा के तौर पर मजबूती दी जानी चाहिए और भारतीय भाषाओं को मजबूत किया जाना चाहिए। आज से दो साल पहले भी अमित शाह ने भारतीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए आंदोलन करने जैसी बात कही थी। जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिला की प्राचीर से स्वाधीनता के अमृत महोत्सव की घोषणा की थी उसके बाद भी अमित शाह ने भाषाई आत्मनिर्भरता की बात की थी। उस वक्त गृहमंत्री ने कहा था कि आत्मनिर्भर शब्द केवल उत्पादन के लिए नहीं है, राजनीतिक व्यवस्थाओं के लिए नहीं है बल्कि भाषाओं को लेकर भी आत्मनिर्भर होना होगा। तब जाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना साकार होगी। बिना भाषाई आत्मनिर्भरता के आत्मनिर्भर भारत अर्थहीन है। उन्होंने उस वक्त स्वाधीनता संग्राम के दौरान तीन 'स्व' के महत्ता की भी चर्चा की थी। स्वदेशी, स्वभाषा और स्वराज। इन तीनों को अमित शाह ने स्वाधीनता संग्राम का स्तंभ बताते हुए कहा था कि आजादी मिलते ही स्वराज का सपना पूरा हो गया। स्वदेशी के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अभियान छेड़ा हुआ है लेकिन स्वभाषा के लिए हम सबको मिलकर खासकर नई पीढ़ी को विशेष रूप से आगे आना होगा। तब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक मंचों पर हिंदी में बोलने और बात करने को रेखांकित करते हुए कहा था कि अब अपनी भाषा को लेकर किसी लघुता ग्रंथि में रहने की जरूरत नहीं है। तब भी अमित शाह ने भारतीय भाषाओं की बात की थी।

# अर्बन नक्सल्स की जिद का परिणाम विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स'

विवेक अगिन्होत्री विमर्श की धारा को बदलने वाले फिल्मकार हैं। अपनी हालिया चर्चित फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से उन्होंने कश्मीर घाटी में हिंदुओं के साथ हुई बर्बरता को दिखाकर नेपथ्य में चले गए एक मुद्दे को फिर से मुख्यधारा में ला दिया। इसी प्रकार अपनी एक अन्य फिल्म 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जैम' के निर्माण की कहानी को किताब का स्वरूप देकर उन्होंने नक्सलियों की एक अलहदा किस्म 'अर्बन नक्सल्स' से परिचित कराने है। अगिन्होत्री उसी तबके को 'अर्बन नक्सल' के रूप में दर्शाते हैं। ये शैक्षणिक संस्थाओं से लेकर मीडिया और गैर-सरकारी संस्थाओं यानी एनजीओ तक अपना पूरा संजाल बनाए रहते हैं। अगिन्होत्री ने इस संजाल के साथ अपने अनुभवों को ही कलबमद्ध किया है। यह किताब बताती है कि एक वर्ग विशेष बौद्धिक प्रतिष्ठान पर अपने वर्चस्व को लेकर कितना आग्रही एवं आक्रामक है। अगिन्होत्री को 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जैम' के निर्माण के लिए फिल्मी किए हुए है। तथ्यों से सुसज्जित उनके सत्य का तेज भारत में एक सशस्त्र आंदोलन के इर्दगिर्द रची गई रूमानियत का खुमार उतारने का काम करता है। वह उस वर्ग को बेपर्दा करते हैं, जिसे भारतीय राष्ट्र-राज्य के विरुद्ध हिंसा का उद्घोष करने वाले 'गांधीवादी बंदूकधारी' दिखाई पड़ते हैं। वह बौद्धिक कपटता-कुटिलता की उन परतों को भी अनावृत्त करते हैं, जहां दूसरे विचार की उत्कृष्टता का अवमूल्यन और अपनी दोयम दर्जे की




का काम किया। यह किताब उन छिपे हुए 'नक्सलियों' की चर्चा करती है, जो घनी बस्तियों में निवास करते हैं और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहते हैं। एक फिल्म की निर्माण कथा होने के साथ-साथ यह कई रहस्योद्घाटनों से भी रूबरू कराती है। भारत में नक्सलवाद या वामपंथी चरमपंथ की चुनौती ऐसी रही है कि लाल किले की प्राचीर से भारत के प्रधानमंत्री को उसका उल्लेख राष्ट्र के समक्ष सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती के रूप में करना पड़ा था। उनके बारे में अमूमन यही माना जाता है कि वे सुदूरवर्ती इलाकों में अपनी गतिविधियों का संचालन करते हैं। लेकिन एक तबका ऐसा भी है, जो देश के दिग्गज संस्थानों से लेकर सार्वजनिक बहस में उनकी इस मुहिम के पक्ष में माहौल बनाता इकोसिस्टम का समर्थन ही नहीं मिला। कई साल तक उनकी महत्वाकांक्षी परियोजना अटकी रही। जैसे-तैसे प्रयास करके वह इस फिल्म को बनाते हैं और जब उसके प्रदर्शन की बारी आती है, तो जादवपुर से लेकर जेएनयू तक उसका विरोध-प्रदर्शन किया जाता है। 'ब्लडी फासिस्ट ब्राह्मण' करार देकर उनकी कार का घेराव किया जाता है और कुछ वामपंथी छात्र उनके खून के प्यासे हो जाते हैं। इस किताब में ऐसे तमाम संस्मरणों का उल्लेख है, जिनमें लेखक आपको ओडिशा के दुर्गम-दूरदराज इलाकों की यात्रा कराने के साथ-साथ शहरों के कुलीन तबके के बीच भी ले जाते हैं। बुद्ध के जन्म, बुद्ध की तलाश, बुद्ध का सृजन एवं बुद्ध का संघर्ष जैसे चार खंडों में विभाजित 49 अध्यायों के माध्यम से अगिन्होत्री ने इस पुस्तक को पूर्णता प्रदान की है। प्रत्येक खंड अपनी थीम से संबंधित सामग्री को समाहित रचनात्मकता को उत्कृष्टता का आवरण दिया जाता है। ऐसी तमाम अवधारणाओं को पुष्ट करती यह पुस्तक पाठक के मानस को झकझोरने में सफल प्रतीत होती है यह पुस्तक जीवटता का एक उदाहरण भी है। 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जैम' शीर्षक में ही इसका सार छिपा हुआ है। इसके निर्माण के बीच में अगिन्होत्री दुख से सराबोर हो गए थे। तब उनके पास न पैसा था, न काम और न ही काम की उम्मीद और वह एक प्रकार के 'जाम' में ही फंस गए थे। यह वह कीमत थी, जो इकोसिस्टम की धारा के विरुद्ध तैरने के रूप में उन्हें चुकानी पड़ रही थी, लेकिन शायद यही उनका प्रिय शगल भी है। 'द कश्मीर फाइल्स' उसी जिद का परिणाम है और संभवतः 'दिल्ली फाइल्स' उनके इस जुनूनी सिलसिले को और आगे बढ़ाएगी।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रात की विधानसभा में खूब चले लोटे, कभी इमरान खान ने बताया था इसका मतलब; जिन्ना का भी लिया नाम

पाकिस्तान में सत्ता संघर्ष के बीच एक चीज जो सबसे अधिक चर्चित रही, वह है लोटा। वहां के पंजाब प्रांत की विधानसभा में शनिवार को लोटों की जो बारिश हुई है, वह विश्व के किसी भी सदन के लिए अभूतपूर्व है। ये लोटे पंजाब विधानसभा में डिप्टी स्पीकर दोस्त मुहम्मद मजारी पर बरसे। थप्पड़ भी बरसे, उन्?हें सदन से सुरक्षा बलों द्वारा किसी तरह बाहर निकाला गया। पंजाब प्रांत में सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) पार्टी के विधायकों ने शनिवार को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर दोस्त मुहम्मद मजारी के आसन पर पहुंचते ही उन पर लोटे फेंकने शुरू की राजनीति में क्या मायने हैं लोटे के और क्यों वहां की प्रांतीय विधानसभा में लोटे बरसे राजनीति के लोटे-बेपेंदी का लोटा एक प्रसिद्ध मुहावरा है जिसका अर्थ होता है, कभी भी रुख बदल लेने वाला व्यक्ति। पाकिस्तान की राजनीति में भी ऐसे ही बेपेंदी के लोटों को लेकर चर्चा भी है और हंगामा भी। पंजाब विधानसभा में तो शनिवार को हथियार के तौर पर लोटे चले, लेकिन इसके पहले भी पाकिस्तान की राजनीति में लोटे अहम भूमिका निभाते रहे हैं। -इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की भूमिका बनने के समय भी लोटे अपनी भूमिका निभा चुके हैं। पाकिस्तान तहरीक ए इंसान के खिलाफ लोग खासे उग्र थे और अपने गुस्से को दिखाने के लिए लोटों के साथ विरोध कर रहे थे। इमरान का लोटा ज्ञान-पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का एक पुराना वीडियो भी इस बीच वायरल हो गया, जिसमें वह लोटे के बारे में बताते हुए देखे जा सकते हैं इमरान -हालिया सत्ता संघर्ष में पाकिस्तान के एक पत्रकार ने इमरान का यह वीडियो ट्वीट कर दिया जिसमें इमरान बता रहे हैं कि लोटा क्या होता है। वीडियो में इमरान खान बता रहे हैं कि लोटा का मतलब ऐसा इंसान होता है तो सिर्फ अवसर तलाशता है। एक कमजोर पार्टी से बड़ी पार्टी में चला जाता है। इमरान कहते हैं कि जिधर पावर



कर दिए। नए मुख्यमंत्री का चुनाव कराने के लिए विधानसभा पहुंचे मजारी को विधायकों ने थप्पड़ मारे और बाल पकड़ कर घसीटा भी। हालात इतने खराब हो गए कि विधानसभा के बाहर तैनात दंगारोधी बल को पहली बार सदन में प्रवेश करना पड़ा। डिप्टी स्पीकर पर हमले के आरोप में कम से कम तीन विधायक गिरफ्तार किए गए हैं। हमजा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) गठबंधन के प्रत्याशी थे, जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू) के इलाही को इमरान व उनकी पार्टी का समर्थन प्राप्त है। मतदान के बाद हमजा शहबाज मुख्?यमंत्री बन गए। लोटे बरसने का पाकिस्तान की राजनीति से गहरा नाता है। आइए समझें पाकिस्तान पार्टी यानी इमरान की पार्टी के लगभग दो दर्जन सांसदों ने भी विपक्ष से हाथ मिला लिया था। इमरान के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसी क्रम में 18 मार्च को पाकिस्तान के सिंधु हाउस में छिपे इन सांसदों के खिलाफ लोगों ने लोटे लेकर प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में लोग इस कदर नाराज थे कि केवल बागी सांसदों के खिलाफ नारेबाजी ही नहीं की गई, बल्कि लोटों को पैरों तले कुचला भी गया। पाकिस्तान की राजनीति के रंगढंग भी अजब हैं। वहां की राजनीति में यदि किसी को लोटा कह दिया तो वह उसके लिए अपमानजनक है। लोटा यानी निष्ठा से कमजोर व्यक्ति। इसका प्रयोग दलबदलू राजनेताओं के लिए किया जाता है। सिंध भवन के बाहर हुए प्रदर्शन में इमरान की पार्टी के ऐसे ही नेताओं उधर लोटा। वीडियो में इमरान ने लोटा की परिभाषा भी बताई है कि केवल कमजोर पार्टी से बड़ी पार्टी में जाने वाले को ही लोटा कहा जा सकता है, बड़ी पार्टी से कमजोर पार्टी में पाला बदलने वाले को नहीं। रोचक यह है कि इस संदर्भ में इमरान अपनी पार्टी को कमजोर पार्टी बताते हैं यानी कि किसी और पार्टी से उनके दल में आने वाले दलबदलू लोटा नहीं होंगे, लेकिन उनकी पार्टी से किसी और पार्टी में जाने वाले नेता लोटा कहलाएंगे। इमरान खान ने लोटा प्रकरण में मुहम्मद अली जिनन का भी नाम लिया और वीडियो में कहते हैं कि सिर्फ पार्टी बदलना लोटा होना नहीं है। जिनन ने भी पार्टी बदली थी इसलिए पार्टी बदलना कोई गुनाह नहीं है। यह वीडियो तब का है इमरान खान की पार्टी सत्ता में नहीं थी।

# असम में तूफान और भारी बारिश से 14 लोगों की गई जान, हजारों की संख्या में घर हुए क्षतिग्रस्त

**गुवाहाटी।** देशभर में फिलहाल गर्मी का प्रकोप जारी है और कई राज्यों में पारा बढ़ता जा रहा है। वहीं, असम में मौसम ने एकदम से करवट ली है। यहां कल रात हुई तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने काफी नुकसान पहुंचाया है। विभिनन्न जिलों में तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश से कई लोगों के मरने की बात सामने आई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार कल राज्य में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई थी जिसकी संख्या अब बढ़कर 14 पहुंच गई है। प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 592 गांवों को भारी बारिश से नुकसान हुआ है और 20 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। बिजली गिरने और आंधी तूफान से लगभग 6000 कच्चे और पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं 900 के करीब कच्चे और पक्के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बताया जा रहा है कि दुकानों और कई संस्थानों को भी इसमें काफी नुकसान हुआ है। प्राधिकरण ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। असम के दीमा हसाओ जिले के केलोलो गांव के पास बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 54 ई पर कई वाहन फंस गए थे। नेशनल हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम देखा गया और कई वाहन कीचड़ में फंस गए। पिछले कुछ दिनों में लगातार बारिश के बाद पहाड़ी जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटना हो रही है। भूस्खलन से सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लोगों को भी आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि इसी तरह की स्थिति पिछले साल भी बारिश के मौसम में हुई थी। इस बीच, एनएचएआई और जिला प्रशासन मलबा हटाने और सड़क को साफ करने में जुटे हैं।



# हुबली में भी हनुमान जन्मोत्सव के दिन भड़की हिंसा, मंदिर और पुलिस स्टेशन पर पथराव के बाद धारा १४४ लागू



**हुबली।** देश के कई राज्यों में कल हनुमान जन्मोत्सव के बीच हिंसा की घटनाएं सामने आई है। इस बीच कर्नाटक में भी कल पुराने हुबली पुलिस स्टेशन पर भीड़ द्वारा पथराव करने के बाद शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। कल रात घटी इस घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बता दें कि थाने के बाहर जमा हुई भीड़ को अचानक हिंसक होते और पथराव करते देख पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े जिसके बाद लोग हटना शुरू हुए और मामला ठंडा पड़ा। जानकारी के अनुसार भीड़ ने आपत्तिजनक व्हाट्सएप स्टेटस रखने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के बाहर ये हिंसक प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा पास के हनुमान मंदिर और एक अस्पताल से पथराव करने की भी खबरें हैं। पुलिस आयुक्त लाभू राम ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, ठ पुराने हुबली पुलिस स्टेशन में पथराव की घटना हुई है जिसमें एक इंस्पेक्टर सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है और स्थिति नियंत्रण में है। मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। कर्नाटक के कोलार जिले में भी कुछ दिन पहले पथराव की घटना सामने आई थी। वहां के मुलबगल इलाके में रामनवमी पर निकाली जा रही शोभा यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया था जिसके बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने हिंसा को बढ़ते देख पूरे जिले में धारा-144 लगा दी थी और 5 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार भी कर लिया था। कल हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान दिल्ली के जहांगीरपुरी और उत्तराखंड के हरिद्वार में हिंसा की खबर सामने आई है। उपद्रवियों ने लोगों और वाहनों पर पथराव किया और आगजनी भी की जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इन दोनों राज्यों में हुई हिंसा के बाद उत्तर प्रदेश को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के पास स्थापित किए अपने मोबाइल टावर

**जम्मू।** पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना के मजबूत होने के बावजूद चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर साजिशें जारी हैं। वह अपने क्षेत्र में विकास की आड़ में बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत कर रहा है। चीन ने अपने इलाके में ऊंचे टावर संचार नेटवर्क को मजबूत बनाने और भारतीय क्षेत्र की बेहतर तरीके से निगरानी करने के लिए लगाए हैं। इन टावरों पर बेहतर कैमरों की मदद से भारतीय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चीन ने पैंगांग झील पर पुल बनाने से पहले क्षेत्र में सेना की मूवमेंट में तेजी लाने के लिए आठ सड़कें बनाई थी। ये सभी सड़कें उसके जी 219 हाईवे से वास्तविक नियंत्रण रेखा की तरफ हैं ताकि सेना का साजो सामान जल्द पहुंचाना संभव हो। इसके साथ पड़ोसी देश ने अपने सैनिकों के रहने के लिए पक्के बुनियादी ढांचे बनाने के साथ सैन्य साजो सामान के लिए अंडरग्राउंड शेल्टर बनाए हैं। अब चीन के तीन टावर खड़े करना संचार सुविधाओं के साथ निगरानी की बेहतर व्यवस्था बनाने की दिशा में एक कदम है। चीन के वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टावर लगाने पर देश को सचेत करने वाले चुश्ुल के काउंसिलर कौंचोक स्टेंजिन ने पूर्वी लद्दाख में संचार नेटवर्क को और मजबूत करने का मुद्दा उठाया है। स्टेंजिन का कहना है कि चीन का लगातार मजबूत होता बुनियादी ढांचा चिंता का विषय है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर लिखा कि चीन ने हाट सिन्पंग इलाके के बिलकुल पास टावर खड़े कर दिए हैं। अभी भी पूर्वी लद्दाख के चुशुल में 11 ऐसे गांव हैं यहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। इसे गंभीरता से लिया जाना जरूरी है।

## विश्व हिंदू परिषद ने मनाया श्रीहनुमान जन्मोत्सव


(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** महानगर के श्रद्धानन्द प्रखंड में बड़ी धूमधाम से श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया । जिसमें सभी बजरंगियों ने श्री हनुमान जी लाल को पंचामृत से सनन कराकर चोला श्रंगार किया फिर सुंदर कांड का पाठ किया। तदोपरांत फिर सभी बजरंगियों व मातृशक्तियों ने हवन यज्ञ एव प्रसाद वितरण किया गया । जिसमें विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर के मंत्री विवेक मिश्र,प्रखंड संयोजक पंकज, विष्णु शर्मा ,रमेश वर्मा , राजेश पाठक , राहुल , पप्पू सिंह ,लक्मन चौहान ,सुभाष शर्मा ,ओम थापा ,रमेश शर्मा ,कुलदीप,रवि राधव ,सुमित शर्मा , संगम प्रसाद मिश्रा प्रद्युमन श्रीवास्तव ,नवीन ,दीपक मेहरा ,शम्भूनाथ गौतम,विष्णु भगवान वर्मा व काफी संख्या में बजरंगी व मातृशक्ति मौजूद रही ।



## जहांगीरपुरी हिंसा में अंसार-असलम हैं सिर्फ मोहरे, सामने आया गुल्ली का नाम

**नई दिल्ली।** शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुई हिंसा के मामले में अंसार और असलम के नाम साजिशकर्ता के रूप में सामने आ रहे हैं, लेकिन इस खेल का मास्टर माइंड कोई और है। अंसार व असलम मोहरे मात्र हो सकते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में अब तक जो तथ्य सामने आए हैं, उसके आधार पर ऐसा ही कुछ लग रहा है। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपित असलम ने बताया कि उसे गुल्ली नाम के बदमाश ने पिस्टल दी थी और कहा था कि हिंसा भड़कने पर गोली चला देना। गुल्ली ने जैसा निर्देश दिया था, उसने उसका पालन किया। असलम से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की कई टीमें गुल्ली की तलाश में दबिश दे रही हैं। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुल्ली जहांगीरपुरी सी -ब्लाक का ही रहने वाला है और उस पर करीब छह मामले दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है। गुल्ली का आपराधिक रिकार्ड रहा है। ऐसे में जिस तरह से गुल्ली ने असलम को पिस्टल देकर गोली चलाने को कहा था। उससे इस हिंसा के पीछे किसी बड़ी गहरी साजिश की बू आ रही है और यह पूरी तरह से



प्रायोजित लग रहा है। इस हिंसा के पीछे किसी आतंकी संगठन से जुड़े लोगों का हाथ तो नहीं है या कहीं कोई टेरर फंडिंग तो नहीं की गई है पुलिस इन सवालों का जवाब तलाश रही है। यही कारण है कि पुलिस असलम, अंसार और गुल्ली से कुछ दिनों के अंदर संपर्क करने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुल्ली के हाथ लगते ही कई सवालों का हल मिलेगा और इसके तार किन किन लोगों से जुड़े हैं, इसका भी पता चलेगा। पुलिस ड्रोन कैमरे की मदद से घटनास्थल के आसपास के छतों की निगरानी कर रही है। जिस तरह से छतों से पथराव किया गया था, ऐस में पुलिस इसके बारे में पता लगा रही है। बताया जाता है कि पुलिस को कई घरों के छत पर पत्थर आदि पड़े मिले हैं।

## जेएनयू में हो रही जनता के पैसे की बर्बादी, अब रोकने का समयः तुली

**नई दिल्ली।** रामनवमी के दिन बवाल होने बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) एक बार फिर सुखियों में है। आए दिन होने वाले विवादों को लेकर चर्चा में आने के कारण अब जेएनयू के एक विफल संस्थान होने की बातें कहीं जाने लगी हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय प्रचार टोली के सदस्य राजीव तुली कहते हैं कि जेएनयू में जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। इसे रोकने का समय आ गया है। यह संस्था सफेद हाथी बनकर देश के अनमोल संसाधनों को उड़ा रही है। यह शिक्षा के मंदिर का उदाहरण न होकर आंदोलनकारियों और लंपट और असंतुष्ट तत्वों को संवारने का मैदान बन गया है। उन्होंने कहा कि संस्थागत पतन के इस लोकाचार को बदलने का समय आ गया है। जेएनयू के संस्थापकों ने परिकल्पना की थी, वह छात्रों में राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की भावना को आत्मसात करेगा। लेकिन, छात्रों में प्रजातांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रवाद की बुनियाद मजबूत होने के बजाय राष्ट्रहित के किसी भी मामले में सवाल उठाने की प्रवृत्ति आ गई। राजीव तुली ने आगे कहा कि धर्मनिरपेक्ष होने की बात तो दूर यह संस्था सबसे अधिक राजनीतिकरण वाला परिसर बन गया है, जहां सब कुछ वामपंथी और गैर वामपंथी विचारधाराओं में रंगा हुआ है। छात्र उपस्थिति मानदंड, छात्रावास के मानदंडों और



प्रशासनिक निर्देशों की धज्जियां उड़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, क्योंकि उन्हें किसी भी अधिकार या कानून के शासन का तिरस्कार करने के लिए तैयार किया जाता है। वे हिंसक या अन्य किसी भी माध्यम का उपयोग कर सकते है। उनके पास एक बेलगाम बोलने और अभिव्यक्ति का अधिकार है, जिसे वे पवित्र होने का दावा करते है। इस अधिकार का इस्तेमाल सरकार का विरोध करने की आड़ में राष्ट्र-राज्य पर सवाल उठाने के लिए किया जाता है। तुली आगे कहते है कि समाजवाद का उद्देश्य संसाधनों का समान वितरण करना है। जेएनयू में जनता के पैसे से औसतन प्रतिदिन 1.1 करोड़ रुपये खर्च होते है।

## 21 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में होगा अप्रेंटिस मेले का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आई.टी.आई. पास अभ्याथिर्यों के लिए आगामी 21 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ई-1 सेक्टर 31 निठारी नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर में बृहद अपरेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अभ्यार्थी सुबह 10:00 से शाम 3:30 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जनपद गौतम बुद्ध नगर कि लगभग 40 कंपनी सैमसंग, एक्सीडी, यामाहा इ0लि0, सिस्कॉम कॉरपोरेशन, डिक्शन लिमिटेड, नोबलको लिमिटेड, डेंसो इ0लि0, ग्रैजियानो, सी एन एच, मिंडा ग्रुप आदि कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अतः आई.टी.आई. पास अभ्यर्थी आयोजित होने वाले अप्रेंटिस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अप्रेंटिस मेले का लाभ उठाएं।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

## श्री राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 2 में लाल मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। सुबह आयोजित श्री हनुमान चालीसा के पाठ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वो प्रार्थना करते हैं कि, पवन पुत्र श्री राम भक्त हनुमान जी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। वहीं जिला सलाहकार उद्योग व्यापार मंडल नोएडा इकाई से राजीव गोयल ने कहा कि, श्री हनुमान



के समस्त सदस्य अपने परिवार सहित इस पावन पर्व पर उपस्थित रहे। इस पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एन सी आर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने सभी जन्मोत्सव एक ऐसा पर्व है जो हिंदू समाज को एक नई दिशा देता है। इस दिन श्री राम भक्त हनुमान का जन्म हुआ था। उनके जन्म लेने के बाद उन्होंने जिस तरह श्री राम की महिमा का गुणगान किया और प्रभु श्री राम के संकटों को हरने का काम किया वह अतुलनीय है। उनके पराक्रम की किसी से तुलना नहीं की जा सकती। अंजनी पुत्र श्री हनुमान जी एक ऐसे देवता हैं, जो अजर अमर है। जो इस कलयुग में भी साक्षात विराजमान है। जहां-जहां प्रभु श्री राम का गुणगान होता है, वहां पर अंजनी पुत्र श्री हनुमान साक्षात मौजूद रहते हैं। इसलिए वह श्री राम और श्री हनुमान जी से प्रार्थना करते हैं कि, समस्त लोगों पर अपनी ऐसी ही कृपा बनाए रखें और सबके संकट हरे। नोएडा के लाल मंदिर में आयोजित श्री हनुमान चालीसा के पाठ में नोएडा व्यापार मंडल से राधा-कृष्ण गर्ग , सुधीर पोरवाल, मनोज गुप्ता, अमित अग्रवाल , सुरेंद्र गर्ग राजकुमार अग्रवाल , बीपी सिंह ,संजय माथुर, धर्मवीर बंसल ,कुमुद जोशी, नीता बाजपेई, भारती नेगी, पूजा अवाना, वंदना , मीना चौधरी ,वीना , मीना एवं काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने भी अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। श्री हनुमान चालीसा के पाठ के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## 42 डिग्री के पार पहुंचा पटना का पारा, बिहार में मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**पटना।** दक्षिणी बिहार के साथ ही उत्तर पश्चिम भाग के कुछ जिलों में भी लू का असर देखने को मिल रहा है। उत्तर बिहार के कई जिलों



में मौसम शुष्क होने के साथ गर्म पछुआ हवा का प्रवाह जारी है। मौसम विज्ञानी की मानें तो पछुआ गर्म हवा का प्रवाह समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिनों तक प्रदेश में गर्म हवा का प्रवाह जारी रहेगा। दक्षिण बिहार के 10 शहरों में लू का प्रभाव जारी रहेगा। वहीं, उत्तर पूर्व जिलों में 72 घंटों के दौरान मेघ गर्जन व बिजली चमकने व हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इन मौसमी प्रभाव को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से येलो-अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। रविवार को शेखपुरा और बांका प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। दोनों जगहों का तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ऊपर चढ? के साथ 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, प्रदेश के कई शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया।

## पालघर के साथ प्राण संतों की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे संतगढ़

(आधुनिक समाचार सेवा)
पंडित सुधांशु तिवारी

**सुल्तानपुर।** महाराष्ट्र के पालघर में हतप्राण संत सुशील गिरी जी व कल्पतरू महाराज के दूसरी पुण्यतिथि पर संत सुशील गिरी मानव सेवा उत्थान ट्रस्ट के



तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सगरा पीठाधीश्वर शिवयोगी संत मौनी जी महाराज व हनुमानगढ़ी के श्री महंत राजू दास जी महाराज के अलावा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा ने संत के चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। सगरा पीठाधीश्वर संत मौनी महाराज ने अपने उद्बोधन उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संत को न्याय मिले इसके लिए हमारा प्रयास जारी रहना चाहिए। क्योंकि न्याय कभी मरता नहीं है, देर हो सकती है। इसके साथ साथ संत की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए यहां पर एक आश्रम भी बनना चाहिए। इसके लिए संत समाज आपके साथ हैं। क्या करना है, कैसे करना है, इसकी योजना आप सभी बनाएंगे। उसमें पूरा सहयोग दिया जाएगा। अयोध्या के श्री महंत राजू दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा की विधियों ने धर्मी ने संतों की हत्या की, यह हत्या संतों की हत्या नहीं सनातन की हत्या का प्रयास था। संत समाज आपके साथ है। संतों के न्याय दिलाने में साथ हैं।संत की स्मृति में बनाए गए ट्रस्ट और उसके प्रति संपूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त करता हूं।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया सीबीआई जांच के लिए व्यक्तिगत तौर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर बात करूंगा।इसके अलावा संत की स्मृति में होने वाले किसी भी कार्यक्रम में तन मन धन से पूर्ण सहयोग का वचन देता हूं । स्थानीय विधायक सीताराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में जांच में सहयोग के साथ संत की स्मृति में बनने वाले आश्रम के लिए तन मन और धन का सहयोग देने के लिए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं ऐसे हर प्रयास के साथ रहना चाहता हूं ,जो संतों के साथ हो,सनातन के साथ हो, क्योंकि यही भारत और भारतीयता की आत्मा है । इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार विद्याधर तिवारी ने किया। सगरा पीठाधीश्वर संत मौनी जी महाराज ने कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौनी महाराज ने कहा कि आज के 2 वर्ष पूर्व जब पूरे देश में लॉक डॉउन था। लोगों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। उस विषम परिस्थिति में मीडिया के साथियों ने इस घटना को निश्चित रूप से विश्व पटल पर लाने का कार्य किया। इसके लिए यह सदैव वंदनीय है।इनका अभिनंदन करता हूं ,आशीर्वाद देता हूं। कार्यक्रम राजेश द्विवेदी, ज्वाला प्रसाद तिवारी ,अमरनाथ तिवारी, पूर्व प्रमुख अखिलेश सिंह, दिलीप सिंह, राय साहब सिंह के अलावा प्रदीप तिवारी, पंकज तिवारी, विमल मिश्रा ,उमेश शर्मा, संतोष दुबे , संजय तिवारी, पवन यादव , दीपक शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सपना मिश्रा ने ट्रस्ट के उद्देश्यों के प्रति किए गए कार्यों और आगे किए जाने वाले कार्य की योजना का भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

## जहांगीरपुरी में हिंसा के बाद हालात काबू, जांच के लिए फारेंसिक की एक टीम मौके पर

**नई दिल्ली।** हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार शाम को दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुई हिंसा के बाद सोमवार को हालात सामान्य है, लेकिन तनाव अब भी देखा जा सकता है। हालात पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ अन्य सुरक्षा भी तैनात हैं। पूरे इलाके पर ड्रोने के जरिये भी नजर रखी जा रही है। वहीं, जहांगीरपुरी हिंसा मामले




में जांच के लिए फारेंसिक की एक टीम जहांगीरपुरी के ए-ब्लॉक पहुंची है दिल्ली के सीपी राकेश अस्थाना रविवार रात को जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर मेदा लाल से उनके आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। इसके साथ सीपी ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से भी कहा गया है कि जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़की हिंसा पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। इससे पहले रविवार को भी कोई उपद्रव नहीं हुआ। यह अलग बात है कि इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। सोमवार सुबह से इलाके में भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ हिंसा में शामिल उपद्रवियों की धरपकड़ शुरू हो गई है। हिंसा में आरोपित अंसार व पिस्टल से फायरिंग करने के आरोपित असलम को पुलिस ने रोहिणी कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों से तीन पिस्टल, पांच तलवारें बरामद हुई हैं। गौरतलब है कि शोभायात्र पर पथराव के तत्काल बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात कर तुरंत हालात को नियंत्रित करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया, जिससे उपद्रव को दूसरे इलाकों में फैलने से रोक लिया गया। राजधानी दिल्ली के सभी संवेदनशील इलाकों में सोमवार को भी चौकसी देखी जा रही है। जहांगीरपुरी, जामिया नगर, जसोला, उत्तर पूर्वी दिल्ली समेत कई इलाकों में छतों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। इसके जरिये पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किन लोगों की छतों पर ईंट-पत्थर एकत्र हैं। विशेष समुदाय की बहुलता वाले इलाकों में शांतिप्रिय लोगों के साथ पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। इसके आलवा, सभी 15 जिलों के वरिष्ठ अधिकारी अमन कमेटी के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। मस्जिदों में सुबह अजान के दौरान पुलिस मुस्तैद रहेगी। रविवार देर शाम क्राइम ब्रांच के विशेष आयुक्त रविंद्र यादव ने घटनास्थल का दौरा किया। माना जा रहा है कि पूरे मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी जाएगी।

## काश हम भी श्री राम के चरण कमल के चंचरीक होते :-स्वामी पंचमा नंद जी महाराज

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जीवन मुक्त ब्रह्म पर चरित्र सुनहि ह धरि ध्यान। जे हरि कथा न करहि रति तिनके हृदय पाषाण।।
रामचरितमानस मे गोस्वामी जी दर्शन कराते हैं कि जीवन मुक्त और ब्राह्मनिष्ठ पुरुष भी समाधि को छोड़कर राम जी की पावन कथा सुनने को लालायित रहा करते हैं येह जानकर भी जो श्री हरि की



कथा से प्रेम नहीं करता उसका हृदय पत्थर के समान है काश मेरा हृदय भी श्री राम के चरणों का चंचरीक होता तो आज हम भी कृतार्थ हो गए होते उक्त विचार सेक्टर 82 के पाकिट सात में चल रही रामकथा के विश्राम दिवस पर भक्तों के बीच महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने व्यक्त किए पूज्य स्वामी जी ने बताया कि राम जी वनवास के बाद अयोध्या आ कर राजगद्दी संभालने लर्गे एक दिन अपनी प्रजा के बीच बैठकर उपदेश दे रहे थे क्योंकि उस समय आज का जैसा माहौल नहीं था रामजी एक आदर्श शासन स्थापित करना चाहते थे और नीतिगत राजा के कर्तव्य को स्थापित करके प्रजा को संदेश देना चाहते थे राजा प्रजा का हित सर्वो परि समझता है उन्हें यह पता था कि राजा शासक नहीं सेवक होता है अपनी प्रजा के सुख दुख में उनके साथ रहता है उनके कष्टों के निवारण का प्रयत्न करता है ,राजा का यह कर्तव्य नहीं कि वह जनता को मुफ़्त देकर उन्हें निकम्मा बनाता हुआ देश की आर्थिक स्थिति पर गंभीर चोट करें राजा दशरथ एक धर्मात्मा व प्रतापी राजा थे वेअपने राज्य की सुरक्षा व प्रजा की संपनन्ता का विशेष ध्यान था राम जी का राज्य आज भी राम राज्य के नाम से जाना जाता है जहां पर :मांगे वारिद देहि जल राम चंद्र के राज राम का ऐसा राज्य था जहां जब आवश्यकता होती थी तब बादल पानी बरसा देते थे कभी कोई प्रजा दुखारी नहीं थी ऐसे राज्य की स्थापना करने के लिए एक दिन राजाराम ने ब्राह्मण गुरु और ऋषि मुनियों की सभा प्रजा के साथ श्री राम सभा के बीच बोलने लगे सुनहु सकल मम पुर वानी कहहु न कछु ममता उर आनी नहि अनीति नहि कछु प्रभुताई सुनहु करहु जो तुम्हहिसुहाई हें नगर के समस्त वासियों मेरी बात को ध्यान से सुनो मैं न तो अनित की बात कह रहा हूं मुझे इसमें कोई प्रभुत्व का गर्व है मेरे मन में ऐसा कोई प्रेम का संचार भी नहीं है कि मैं आपसे बेमतलब की बात करूं मैं केवल इतना चाहता हूं कि आप सब भय हीन होकर मेरी बातों को ध्यान से सुने और एक सच्चे सेवक की भांति मेरी आज्ञा का पालन करते हुए आप सब मेरे प्रिय बने रहे मैं ब्राह्मणों से ऋषि-मुनियों से अपनी प्रजा से सादर निवेदन करता हूं कि यदि अपने शासनकाल में कहीं कोई अनित की बात करूं तो आप मुझे वहीं रोक देना यहाँ न भय होगा न ही संकोच मानव शरीर बड़े ही भाग्य से मिलता है इसे प्राप्त करने के लिए देवता भी तरसते रहते हैयदि इस शरीर को प्राप्त करके हम प्रभु के चरित्र से दूर रहें परोपकार त्याग दान तपस्या सदाचार इनसे दूर रहे तो इस शरीर का कोई अर्थ नहीं होता है अगर हम अपना परलोक सुधारने में असमर्थ हो गए तो अंत में यमदूत हमें पिटे गे क्योंकि यह शरीर ही मोक्ष का साधन हैसाधन धाम मोक्ष का द्वारर्पािहि न जेहि परलोक सुधारा बंधुओं अगर हम इस अमूल्य मानव तन पाकर भी इसे न सुधर सके तो अंत में केवल पश्चाताप रहेगा और यमलोक में परम दुख प्राप्त होगा वहां पर यह जीव अपना सिर पीट-पीटकर रोएगा अपने कर्मऔर ईश्वर को बेमतलब दोषी ठहराया अतः आप सबसे निवेदन है की राम कथा को सुनने के बाद आप घर जाना वहां पर नित्य रामचरितमानस का पाठ करना और 1-1 पंक्ति व शब्द को ध्यान से पढ़ना निश्चित रूप से हम सब का कल्याण होगा आज मर्यादा पुरुषोत्तम राम की यह यह पावन मंदाकिनी विश्राम की ओर जा रही है और हम सब घर जाकर पुनः इसमें अपने स्वाध्याय से नित्य सनन करेंगे।इस मौके पर तेज पाल नागर (विधायक दादरी),आचार्य विश्व नाथ त्रिपाठी ,सिया राम,एन के सोलंकी,संजय शुक्ल,राजबीर,पंकज झा,प्रमोद भारद्वाज,संजय पाण्डेय,रवि राघव,अंगद सिंह तोमर,गोरे लाल,हरि शंकर सिंह,राजेश गुप्ता,अमितेश सिंह,रमेश चंद्र,अजय सिंह,राजेश राघव,शिव चौधरी,नवल मिश्रा,सर्वेश तिवारी,संगम प्रसाद मिश्र,धर्मेन्द्र सिंह,द्वारिका प्रसाद पाण्डेय, उत्तम चंद्रा,रमेश वर्मा,हंसमणि शुक्ल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## राम के बाद अब धर्म पर बोले जीतनराम मांझी- धार्मिक जुलूसों से खतरे में देश


**पटना ।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतन राम मांझी अपने बयानों को लेकर चर्चे में रहते हैं। अपने बयानों की वजह से अपनी सहयोगी पार्टी के निशाने पर भी आते हैं। हाल ही मांझी ने भगवान राम को लेकर जो बयान दिया था उसपर अभी सियासी वार पलटवार का दौर खत्म भी नहीं हुआ था कि पूर्व मुख्यमंत्री ने एक और बयान देकर सियासी पारा चढ़ा दिया है। जीतन राम मांझी ने धार्मिक जुलूसों (शोभायात्राओं) को देश की एकता के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने धार्मिक जुलूसों को रोकने की मांग



करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपने ट्वीट में टैग भी किया है।जीतन राम मांझी ने अपने ट्वीट में लिखा है कि अब वक्त आ गया है, जब देश में हर तरह के धार्मिक जुलूस पर रोक लगा दी जाए। धार्मिक जुलूसों के कारण देश की एकता और अखंडता खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इसे तुरंत रोकना होगा।गौरतलब है कि जीतन राम मांझी अपने बयानों की वजह से सुखियों में रहते हैं। हाल ही मैं उन्होंने भगवान राम को लेकर फिर से विवादित बयान दिया था।

# आलिया-रणबीर के रिसेप्शन में जुटे सितारे, गौरी-शाह रुख, करण अर्जुन-मलाइका ने जमाया रंग

**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट अब मिसेज कपूर बन चुकी हैं। 14 अप्रैल को आलिया और रणबीर ने मुंबई में परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। इनकी रिसेप्शन पार्टी को लेकर काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे, तो बता दें कि इस जोड़े ने शनिवार को अपने घर वास्तु में ही शादी की पार्टी दी। शादी की ही तरह ये फंक्शन भी काफी प्राइवेट था, जिसमें घरवालों के अलावा कुछ करीबी लोग पहुंचे, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की रिसेप्शन पार्टी में मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने धमाकेदार एंट्री ली। इस पार्टी में रिद्धिमा के पति भरत साहनी भी नजर आए। मां-बेटी ने शाइनी-शिमरी ड्रेसेज में पार्टी में आग लगा दी। तो वहीं करण जौहर ने 'बेटी' आलिया भट्ट और दामाद रणबीर कपूर की रिसेप्शन पार्टी में स्टाइलिश एंट्री ली। इस पार्टी में करण ऑल ब्लैक आउटफिट में पहुंचे थे। साथ ही काले चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया था। इस पार्टी में सबसे ज्यादा चर्चा शाह रुख खान की पत्नी गौरी खान की रही। शाह रुख और गौरी की प्रेजेंस ने पार्टी में रंग भर दिया। वहीं रणबीर-आलिया के दोस्त अयान मुखर्जी, अनुष्का रंजन, आकांशा रंजन कपूर समेत कई स्टार्स इस पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में अर्जुन कपूर अपनी गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा के साथ दिखाई दिए। तो वहीं श्वेता बच्चन, शकुन बत्रा, रोहित धवन और उनकी पत्नी जाह्नवी, लव रंजन और उनकी पत्नी अलीशा वैद, संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती समेत कई सितारे शामिल हुए हैं। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने शादी की डेट की ही तरह आखिरी समय तक अपने रिसेप्शन के डेट को भी कंफर्म नहीं किया था। पहले कहा जा रहा था कि आलिया और रणबीर अपनी शादी की रिसेप्शन पार्टी नहीं करेंगे। खुद नीतू कपूर ने ये बात कही थी कि रिसेप्शन पार्टी नहीं हो रही है। लेकिन बाद में फैसला किया गया कि कपल की रिसेप्शन पार्टी कुछ हद तक गेट टुगेदर जैसी होगी।



# सुखविंदर सिंह ने लॉन्च किया 'श्री हनुमान चालीसा', श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से है ये खास नाता

**नई दिल्ली।** देशभर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रह है। हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। ऐसे में सिंगर सुखविंदर सिंह रामभक्तों लिए एक अनमोल भेंट लेकर आए हैं। उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव के शुभ मौके पर श्री हनुमान चालीसा का वीडियो रिलीज किया है, जो एक एनिमेटेड म्यूजिक वीडियो है। इस म्यूजिक वीडियो में लाइव एक्शन और एनिमेशन का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है। साथ ही वीडियो में एनिमेशन के जरिए रामायण की कुछ खूबसूरत झलकियां भी दिखाई गई हैं। बॉलीवुड के जाने-माने सिंगर सुखविंदर सिंह ने इस म्यूजिक वीडियो को प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या जाकर लॉन्च किया है। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया और इसके साथ ही इस वीडियो को उनके भक्तों के लिए जारी किया। जहां इस म्यूजिक वीडियो को सुखविंदर ने गाया और कंपोज किया है, वहीं टाइम ऑडियो और राज वीएफएक्स ने इसका निर्माण किया है। सुखविंदर सिंह ने अपनी इस पेशकश को लेकर कहा, ङ्गटाइम ऑडियो ने गाने के लिए अपनी तरह का पहला लाइव एक्शन और एनिमेशन आधारित संगीत वीडियो तैयार करके गाने को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। मैं चाहूंगा कि श्री हनुमानजी का हर भक्त मेरे साथ यह गीत गाए।ठ टाइम ऑडियो के मैनेजिंग डायरेक्टर विरल शाह ने कहा, श्री हनुमान चालीसा एक बहुत शक्तिशाली मंत्र है और सुखविंदर की आवाज से मंत्र जादुई हो जाता है। म्यूजिक वीडियो की डिजाइनिंग चिराग चंद्रकांत भुव और शंभू जे सिंह द्वारा की गई है, जबकि राजीव खंडेवाल ने डायरेक्ट किया है। कोरियोग्राफी लॉलीपॉप ने की है, डीओपी संतोष दामोदर डेटके हैं। भाविन सी भुव इसके संपादक हैं। वहीं, वीएफएक्स राज वीएफएक्स (पी) लिमिटेड द्वारा प्रदान किया गया है। गीत को विश्व स्तर पर टाइम ऑडियो द्वारा जारी और वितरित किया जाएगा। सिंगर सुखविंदर सिंह ने फिल्मों में कई कामयाब और यादगार गानों को अपनी आवाज दी है।



# एयरपोर्ट पर रिपोर्टर का कैमरा देखते हुए मुंह छुपाने लगीं टीवी की ये बोल्ड एक्ट्रेस कहा- 'ऐसे मत करो'

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी की एक्स कंटेस्टेंट उर्फी जावेद अक्सर अपने लुक और ड्रेस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह बहुत बार ऐसी ड्रेस पहनती हैं कि उन्हें ट्रोलर्स का भी सामना करना पड़ता है। हालांकि उर्फी जावेद ट्रोलर्स को करारा जवाब भी देती रहती हैं। उर्फी जावेद अपनी बोल्ड अदाओं और ड्रेस की वजह से भी सुखियों में रह चुकी हैं। अब वह अपने नए वीडियो की वजह से चर्चा में हैं। अपने नए वीडियो में उर्फी जावेद रिपोटर्स का कैमरा देखकर मुंह छुपाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के वीडियो को सिलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भियानी ने अपनी आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में उर्फी जावेद ने लाइट ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है। इसके साथ उन्होंने डैनम जैकेट डाली हुई है। वीडियो में उर्फी जावेद ने बालों को फोल्ड किया हुआ है।



# यश की एक्टिंग की दीवानी हुई कंगना रनोट, अमिताभ बच्चन से कंपेयर करते हुए 'रॉकी भाई' को बताया इंडिया का 'एंग्री यंग मैन'

**नई दिल्ली।** कनन्ड़ सिनेमा की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है। क्राइम गैंगस्टर पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों की भीड़ रोजाना इसे देखने के लिए सिनेमाघरों की ओर जा रही है। फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 में कन्नड फिल्मों के सुपरस्टार यश मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में उन्होंने अपन एंग्री यंग मैन वाला अंदाज दिखाया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। केजीएफ चैप्टर 2 में यश के रॉकी भाई अंदाज को कई फिल्मी सितारों ने भी काफी पसंद किया है। इस में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनोट का भी नाम शामिल है। कंगना रनोट ने यश की तारीफ करते हुए उनकी तुलना मेगास्टार अमिताभ बच्चन से की है। साथ ही कहा है कि लंबे समय बता भारत को एंग्री यंग मैन हीरो मिला है। यह बात कंगना रनोट ने सोशल मीडिया के जरिए कही है। कंगना रनोट सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अक्सर खास तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। कंगना रनोट सोशल मीडिया के जरिए कई मुद्दों पर भी बेबाकी से अपना बयान भी देती रहती हैं। अब उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 से जुड़ा यश का पोस्टर शेयर किया है।



# कृति सेनन और कार्तिक आर्यन ने मॉरीशस को कहा 'गुडबाय', खत्म की शहजादा के शेड्यूल की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अभिनेता कार्तिक आर्यन और एक्ट्रेस कृति सेन अपनी आगामी फिल्म को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुडे अपडेट साझा करते रहते हैं। अब जानकारी आ रही है कि कार्तिक और कृति ने अपकमिंग फिल्म शहजादा के मॉरीशस के शेड्यूल को पूरा कर लिया है। शहजादा के मॉरीशस शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने की जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा कर दी है। इस तस्वीर में कृति सेनन के साथ कार्तिक आर्यन टीम के लोग भी नजर आ रहें हैं। फोटो में फिल्म दोनों मुस्कुराते हुए फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खुशी जाहिर कर रहे हैं। इस फोटो को कृति सेनन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। साथ ही फोटो में उन्होंने बताया कि वो जल्द ही अपनी टीम के साथ स्वदेश लौटने वाली हैं। ये फिल्म साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और पूजा हेगडे की तेलुगु फिल्म आल्हा वैकुंठपूर्मुलु का रीमेक है। ये कार्तिक आर्यन की ये फिल्म 4 नवंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इन फिल्म में भी नजर आएंगे कार्तिक आर्यन वहीं, बात अगर कार्तिक आर्यन के वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल बैक-टू-बैक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। वो जल्द ही वो जल्दी ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 2' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी, परेश रावल, राजपाल यादव के साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे हैं। ये फिल्म साल 2009 में आई अक्षय कुमार की फिल्म का सीक्वल है। अब ये फिल्म 20 मई, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वो जल्द ही शशांक घोष के निर्देशन में बनी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'फ्रेडी' में अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी आलया फर्नीचरवाला के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। साथ ही कार्तिक 'कैप्टन इंडिया' और 'लुका छुपी 2' में नजर आने वाले हैं। उन्हें आखिरी बार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'धमाका' में देखा गया था।




# 'केजीएफ 2' की सुनामी में बहा बॉक्स ऑफिस, तीसरे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर केजीएफ चैप्टर 2 का तूफान अब सुनामी बन चुका है। ये फिल्म सिनेमा इतिहास में कई ऐसे नए चैप्टर लिख रही है, जिसके आगे निकलना किसी भी दूसरी फिल्म के लिए लगभग नामुमकिन होगा। पहले दो दिन में ही वर्ल्डवाइड 270 करोड़ की कमाई कर लेने वाली ये फिल्म, रविवार तक 500 करोड़ के पार निकलती नजर आ रही है। तो वहीं हिन्दी वर्जन ने लगातार तीसरे दिन भी 40 करोड़ से ऊपर का बिजनेस कर नया रिकॉर्ड बना डाला है। हिन्दी में रिलीज हुई ये पहली फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर दो दिनों में ही 100 का आंकड़ा पार किया है। कन्नड़ सुपरस्टार यश ने सही मायनों में अपने 'रॉकिंग' टाइटल को सही साबित कर दिया है। केजीएफ 2 हर भाषा में अपने कलेक्शन से रॉक कर रही है। तीसरे दिन के बिजनेस की बात करें तो, शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 93 करोड़ की कुल कमाई की है। इसके साथ ही इसने हिन्दी में 48 करोड़ का कलेक्शन किया है। ग्रॉस कलेक्शन की बात करें तो केजीएफ ने तीसरे दिन कन्नड में 13.50 करोड़, तेलुगू में 16 करोड़, तमिल में 8 करोड़ और मलयालम में 7 करोड़ की कमाई की है। फिल्म की तीसरे दिन की नेट कमाई भी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 80 करोड़ रुपए के आस-पास रहने का अनुमान है। तो वहीं हिन्दी में नेट कलेक्शन 42 करोड़ रह सकता है। हिन्दी बेल्ट में यश, रवीना टंडन, प्रकाश राज और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म ने कमाई के झंड़े गाड़ दिए हैं। ये तीन दिनों में अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। दो दिनों में ही इने 100 करोड़ का अंकाड़ा पार कर लिया था, और तीसरे दिन का कलेक्शन मिलाकर 142 करोड़ पहुंच गया है। तो वहीं बाहुबली 2 ने तीन दिन में 128 करोड़ कमाए थे। बता दें कि इससे पहले 'बाहुबली 2', 'दंगल', 'संजू', 'टाइगर जिंदा है', 'बजरंगी भाईजान', 'वॉर', 'सुल्तान', 'धूम 3', 'प्रेम रतन धन पायो' और 'हैपी न्यू इय्यर' ने रिलीज के तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर सौ करोड़ की कमाई का आंकड़ा पाया था। इस करिश्मे को करने में केजीएफ ने सिर्फ दो दिन लिए।




# मनाली में शूट होगा 'एनिमल' का पहला शेड्यूल शादी के बाद इस दिन से काम पर लौटेंगे रणबीर कपूर

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी के सभी फंक्शन खत्म होने बाद दोनों जल्द ही अपने-अपने काम पर वापस लौट सकते हैं। अब जानकारी आ रही हैं कि रणबीर कपूर जल्द ही संदीप रेड्डी वांग की फिल्म एनिमल के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार रणबीर सिंह जल्द ही हिमाचल प्रदेश के मनाली में एनिमल के पहले शेड्यूल की शूटिंग को शुरू कर सकते हैं। रणबीर कपूर 22 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश के मनाली में दो दिवसीय शेड्यूल की शूटिंश करेंगे और इसके बाद वो मुंबई में एक हफ्ते लंबी शूटिंग करेंगे। वहीं, रणबीर कपूर सितंबर में फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग को फिल्माएं गए। आपको बता दें, इस फिल्म में रणबीर कपूर काफी बल्की लुक में नजर आएंगे, जिसमें के लिए उन्होंने कोच शिवोहम के मार्गदर्शन में ट्रेनी शुरू कर दी है। हाल में कोच के साथ उनका एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें वो अपने प्रशिक्षण और डाइट के बारे में बात कर रहे थे। साथ ही उन्हें जिमनस्टिक और स्ट्रेंथ बिल्डिंग के लिए भी प्रशिक्षित दिया जा रहा है। वहीं, रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि अप्रैल में एनिमल के पहले शेड्यूल की शूटिंग के बाद रणबीर कपूर लव रंजन के निर्देशन में बनी रही अपनी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग करेंगे और फिर इस साल के अंत तक वो एनिमल की शूटिंग को पूरा करेंगे। संदीप रेड्डी वांग के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ऑपोजिट किरदार में नजर आने वाली थी। लेकिन वो दूसरे प्रोजेक्टों और बिजी शेड्यूल के चलते वो इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। अब रश्मिका मंदाना इस फिल्म में रणबीर कपूर की पतने के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म एनिमल से रणबीर कपूर और रश्मिका पहली बार साथ में स्क्रीन स्पेस साझा करने वाले हैं। वहीं, बात अगर रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म शमशेरा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो एक डकैट आदिवासी के रूप में अपने आधिकारों और आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए दिखेंगे। इसके अलावा वो ब्रह्मास्त्र में अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ मुख्य किरदार नजर आने वाले हैं।



# एकता कपूर के सामने शर्टलेस हुए ये कंटेस्टेंट, पूनम पांडे के साथ करना चाहते हैं हुकअप

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंगना रनोट के रियलिटी शो लॉक अप में शनिवार को एपिसोड काफी खास रहा है। इस एपिसोड में शो की मेकर एकता कपूर के साथ उनके भाई तुषार सहित दिव्या अग्रवाल, क्रिस्टल डिसूजा, रोहन मेहरा और कृष्णा कौल ने हिस्सा लिया। शो में पहुंचकर इन सभी कलाकारों ने कंगना रनोट और लॉक अप के कंटेस्टेंट्स के साथ काफी मस्ती की। वहीं एकता कपूर ने लॉक अप के कंटेस्टेंट्स शिवम शर्मा को टास्क दिया। इस टास्क में उन्होंने शिवम को कपड़े उतारने के लिए कहा। इस दौरान शिवम शर्मा ने एकता कपूर के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि वह पूनम पांडे के साथ हुकअप करना चाहते हैं। दरअसल एकता कपूर ने लॉक अप के एपिसोड में ट्रुथ एंड डेयर टास्क करवाया। शिवम शर्मा को डेयर देते हुए उन्हें कपड़े उतारने को कहती हैं। शिवम ने अपने इस डेयर को शानदार तरीके से किया और शर्टलेस होकर काफी तारीफ बटोरी। वहीं इसके बाद एकता कपूर ने उनसे कई सवाल किए। शिवम शर्मा से पूछा गया कि वह महिला कैदियों में से किसको मारना, शादी और हुकअप करना चाहेंगे। इसका अपने ही अंदाज में जवाब देते हुए शिवम शर्मा ने कहा कि वह पायल रोहतगी के साथ शादी करना चाहेंगे, क्योंकि वह खाना अच्छा बनाती हैं। इसके बाद शिवम शर्मा ने कहा कि वह पूनम पांडे के साथ हुकअप करना चाहेंगें क्योंकि वह काफी खूबसूरत हैं। इस पर एकता कपूर उनकी पसंद की तारीफ करते हुए कहती हैं, 'हुकअप पूनम के साथ और शादी पायल के साथ, लाइफ बन जाएगी आपकी तो।' इसके बाद शिवम शर्मा मंदाना करीमी का नाम मारने के लिए लेते हैं। वह कहते हैं कि वह इसलिए मंदाना को मारना चाहेंगे क्योंकि वह अपना खुद का गेम नहीं समझ पा रही हैं। इसके अलावा शिवम शर्मा ने और भी ढेर सारी बातें की हैं। आपको बता दें कि कंगना रनोट के अत्याचारी खेल में पहले ही काफी धमाल मचा हुआ है। अब खबर है कि बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट शहनाज गिल भी शामिल होने वाली हैं। शहनाज को लेकर मीडिया में इस तरह की खबरें हैं कि वह जेल में कैदी बनकर नहीं बल्कि जेलर बनकर सामने आने वाली हैं। टेलिचक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, शहनाज गिल कथित तौर पर एकता कपूर के रियलिटी शो 'लॉक अप' में जेलर के रूप में एंट्री करेंगी।



# पान मसाला' का एड करके बुरे फंसे अक्षय कुमार के पूर्व चीफ ने लगाई क्लास, पूछा किस चीज की कमी है आपको

**नई दिल्ली।** विमल इलायची का नया विज्ञापन सामने आया है, जिसके बाद एक बार फिर बवाल शुरू हो गया है। इस एड में शाह रुख खान और अजय देवगन के बाद जो तीसरा नाम सामने आया उसने सबको हैरान कर दिया। इस बार विमल इलायची में अक्षय कुमार भी नजर आए हैं। बस फिर क्या था हंगामा मचना तया था, इस एड के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर खिलाड़ी कुमार को बुरी तरफ से ट्रोल किया जाने लगा। अब सीबीएफसी के पूर्व प्रमुख पहलाज निहलानी ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। अक्षय कुमार ने जबसे टीवी पर आकर 'बोलो जुबां केसरी' बोला है, वो फैंस को भी अखरने लगे हैं। अब उनपर फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी ने भी निशाना साधा है। फर्स्टपोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि जहां अक्षय एक आम आदमी को सैनिटरी पैड पर पैसा खर्च करने के बारे में बताते हैं, उसे अब से फिल्मों से हटा दिया जाना चाहिए। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। एक तरफ जहां एक जाना माना सुपरस्टार जनता को सिगरेट पर खर्च न करने के लिए कह रहा है। वहीं दूसरी ओर वहीं अभिनेता पान मसाला खाने की भी सलाह दे रहे हैं। जनता के लिए बहुत भ्रमित करने वाला है'।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस. डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274